आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* विश्व हिन्दी दिवस
* स्वामी रामानंदाचार्य जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 163 | इंदौर, शनिवार 10 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 7 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### लैंड फॉर जॉब केस-लालू यादव परिवार समेत 41 पर आरोप तय

**पटना।** लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कोर्ट ने बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजप्रताप, तेजस्वी यादव और बेटी मीसा, हेमा पर आरोप तय किए हैं। लालू परिवार के साथ कुल 41 लोगों पर आरोप तय हुए हैं। इन लोगों पर अब मुकदमा चलेगा। कोर्ट ने 52 लोगों को बरी किया है। सुनवाई को लेकर शुक्रवार को लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती और बेटे तेजप्रताप-तेजस्वी दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज किया गया है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोग्ने ने कहा कि लालू यादव और उनका परिवार एक आपराधिक गिरोह की तरह काम कर रहे थे और उनकी ओर से एक व्यापक साजिश रची गई थी।

### चांदी एक दिन में 4,168 महंगी हुई, 2.40 लाख पहुंची

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 9 जनवरी को तेजी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,422 रुपए बढ़कर 1,37,195 रुपए पहुंच गया है। कल यह 1,35,773 रुपए/10ग्राम पर था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 4,168 रुपए बढ़कर 2,39,994 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,35,826 रुपए किलो थी। इससे पहले 29 दिसंबर 2025 को सोने की कीमत 1,38,161 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर थी। वहीं, चांदी की कीमत 7 जनवरी को 2,48,000 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई थी, जो इसके भाव का अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है।

### प्रभास की फिल्म देखने मगरमच्छ लेकर पहुंचे फैंस



थिएटर के अंदर 'द राजा साब' से एक्टर का स्टंट कॉपी किया, वीडियो वायरल

**मुबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द राजा साहब' 9 जनवरी को रिलीज हो गई है। प्रभास के फैंस उनकी फिल्म का जश्न मना रहे हैं। उनके कुछ फैंस फिल्म से उनके एक्शन को कॉपी करने की कोशिश भी कर रहे हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है,जिसमें कुछ फैंस थिएटर के अंदर मगरमच्छ लेकर घूमते नजर आ रहे हैं। ये स्टंट प्रभास की फिल्म के एक सीन से प्रेरित है। फैंस का थिएटर में मगरमच्छ लेकर पहुंचने से हॉल में मौजूद ऑडियंस हैरान हो जाती है। हालांकि, ये मगरमच्छ नकली थे। बता दें कि ये पहली बार नहीं है, जब फैंस ने अपने चहेते स्टार्स के लिए ऐसी दीवानगी दिखाई हो। पिछले साल मई में जब महेश बाबू की फिल्म खलीजा रिलीज हुई थी, तब उनका एक फैन सिनेमाघर में सांप लेकर पहुंच गया था। फिल्म के एक सीन में महेश बाबू हाथ में सांप पकड़े नजर आते हैं। इसी सीन को हूबहू दोहराने के लिए उनके एक फैन ने भी सिनेमा हॉल में हाथ में सांप लेकर एंट्री की। वायरल वीडियो आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के एक थिएटर के अंदर रिकॉर्ड किया गया था। वीडियो में एक व्यक्ति, जिसने काले रंग के कपड़े पहने थे, थिएटर में सांप लेकर एंट्री करता है। उसने अपना चेहरा ढक रखा था और बार-बार सांप की ओर देख रहा था। इस दौरान वह सिनेमाघरों में लगी स्क्रीन के सामने नाचते हुए भी नजर आया। हालांकि वो सांप असली था, जिसके बाद थिएटर में हड़कंप मच गया। कई लोग घबरा कर थिएटर से बाहर भाग गए।

### 6 घंटे में 11 बार राजकोट भूकंप के झटकों से थर्राया, सभी स्कूलों में छुट्टी

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट जिले में आज शुक्रवार की सुबह से लगातार भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में डर का माहौल बन गया। जेठपुर, धोराजी, उपलेटा, गोंडल और आसपास के इलाकों में एक के बाद एक कुल 11 झटके आने के कारण कई स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। हालांकि कहीं से भी किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नही है। इंस्टीट्यूट ऑफ सीस्मोलॉजिकल रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार सुबह से दोपहर तक इस इलाके में कुल 11 बार भूकंप के झटके दर्ज किए गए। सबसे तेज झटका सुबह 6.19 बजे आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.8 मापी गई। इसके बाद करीब एक घंटे तक लगातार हल्के झटके महसूस होते रहे।

### गंगासागर मेले में भीषण आग लगने से कई अस्थायी टेंट जलकर राख

**गंगासागर।** पश्चिम बंगाल के गंगासागर में आयोजित भव्य मेले में शुक्रवार सुबह आग लग गई, जिससे कई अस्थायी टेंट जलकर राख हो गए। आग लगने के कारण गंगासागर मेले में अफरातफरी मच गई। घटनास्थल स्थल पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, यह घटना रोड नंबर 2 पर कपिल मुनि मंदिर के सामने हुई, जहां मेले से पहले अस्थायी टेंट लगाए गए थे। आग लगने से कई अस्थायी टेंट जल गए। हालांकि, इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिलहाल, आग लगने की इस घटना ने गंगासागर मेले से पहले सुरक्षा और आग बुझाने के उपायों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

---

श्री महाकालेश्वर मंदिर में 12 दिन में 29 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

# शीघ्र दर्शन से 5.39 करोड़ की आय, 643 क्विंटल से अधिक लड्डू प्रसादी बिकी

## नए वर्ष के पहले दिन सर्वाधिक 6.12 लाख एवं सबसे कम पुराने वर्ष के अंतिम दिन 1.54 लाख श्रद्धालु आए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में बीते वर्ष के अंतिम 6 दिन एवं नए वर्ष के प्रारंभिक 6 दिनों में जमकर धनवर्षा हुई। शीतकालीन अवकाश के दिनों में यहां 29 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन इन दिनों में हुआ है। मंदिर समिति ने करीब पौने चार करोड़ की लड्डू प्रसादी श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाई है। शीघ्र दर्शन व्यवस्था से मंदिर समिति को 5.39 करोड़ की आय हुई है।



शीतकालीन अवकाश को लेकर मंदिर प्रबंध समिति ने पूर्व से ही व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया था। इसके तहत मंदिर में दर्शन की व्यवस्था को सुलभ किया गया था। प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार साल के अंतिम दिन एवं नए साल के पहले दिन हमें 10 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान सटीक रहा। मंदिर प्रबंध समिति लड्डू प्रसादी नो प्राफिट नो लास के आधार पर श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाता है। इन 12 दिनों में सर्वाधिक नए साल के पहले दिन 6.12 लाख से अधिक ने भगवान के दर्शन किए। इस दरमियान सबसे कम दर्शनार्थी वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को एक लाख 53 हजार 742 दर्शन के लिए पहुंचे। 25 दिसंबर से 5 जनवरी 26 के बीच कुल 29.10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इस दरमियान भगवान के दर्शन किए हैं।

### एक नजर : श्री महाकाल मंदिर के 12 दिन

| दिनांक | दर्शनार्थियों की संख्या | शीघ्र दर्शन से आय |
|---|---|---|
| 25 दिसंबर 25 | 257902 | 49,30,500 |
| 26 दिसंबर 25 | 198052 | 69,65,250 |
| 27 दिसंबर 25 | 196322 | 49,31,750 |
| 28 दिसंबर 25 | 195688 | 60,20,750 |
| 29 दिसंबर 25 | 175473 | 41,13,250 |
| 30 दिसंबर 25 | 166303 | 43,20,250 |
| 31 दिसंबर 25 | 153742 | 38,67,250 |
| 01 जनवरी 26 | 6,12,879 | 16,09,250 |
| 02 जनवरी 26 | 2,73,729 | 51,55,500 |
| 03 जनवरी 26 | 219602 | 48,08,750 |
| 04 जनवरी 26 | 246854 | 41,84,500 |
| 05 जनवरी 26 | 214399 | 29,95,500 |

स्त्रोत- श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन।
नोट - शीघ्र दर्शन से आय रूपए में हैं।

### 3.64 करोड़ से अधिक की लड्डू प्रसादी बिकी

मंदिर समिति ने इस दरमियान 573.118 क्विंटल बेसन के लड्डू रूपए 2 करोड़ 73 लाख 93 हजार 600 रूपए का एवं श्री अन्न प्रसाद रागी का 70.291 क्विंटल लड्डू प्रसादी रूपए 32 लाख 50 हजार 800 का इस प्रकार 643.409 क्विंटल लड्डू रूपए 3 करोड़ 64 लाख 4 हजार 400 का श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाया गया। लड्डू प्रसादी के लिए मंदिर समिति ने हरसिद्धि मंदिर के पास 24 घंटे का काउंटर शुरू किया हुआ है वहीं एक काउंटर नीलकंठ द्वार पर बढ़ा दिया गया है।

**शीघ्र दर्शन से 5.39 करोड़ की आय-** शीतकालीन अवकाश के 12 दिनों में मंदिर समिति को शीघ्र दर्शन व्यवस्था से रूपए 5 करोड़ 39 लाख 2 हजार 500 की प्राप्तियां हुई है। 12 दिनों में सर्वाधिक आय 26 दिसंबर को रूपए 69 लाख 65 हजार 250 एवं सबसे कम नए वर्ष के पहले दिन रूपए 16 लाख 9 हजार 250 रूपए रही है। मंदिर समिति ने इसके लिए विशेष काउंटर की शुरूआत की थी।

---

इंदौर में पार्टी कर लौट रहे थे, तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी

# पूर्व मंत्री की बेटी समेत तीन की मौत, मृतकों में कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल, एक घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में तेज रफ्तार कार ट्रक में घुस गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा और कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता आनंद कासलीवाल का बेटा प्रखर शामिल हैं। कार में सवार एक युवती गंभीर घायल है, उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसा रालामंडल इलाके में शुक्रवार सुबह करीब 5.15 बजे हुआ। डीसीपी कृष्ण लाल चंदानी ने बताया, ग्रे कलर की नेक्सन कार में प्रेरणा बच्चन (26), प्रखर कासलीवाल (25), मानसंधु (26) और अनुष्का राठी सवार थे। प्रखर का जन्मदिन था, चारों शराब के नशे में थे और कोको फार्म में बर्थडे पार्टी मनाकर इंदौर लौट रहे थे। कार प्रखर चला रहा था। नशे में होने के कारण कार अनकंट्रोल होकर ट्रक में जा घुसी। हादसे में प्रेरणा, प्रखर, मानसंधु की मौके पर ही मौत हो गई। अनुष्का घायल है। कार में शराब की बोतल भी मिली है।





### कार सवार दोस्त इंदौर के रहने वाले

चारों कार सवार इंदौर के रहने वाले हैं। प्रेरणा नर्मदा भवन के पास स्कीम नं 74, प्रखर कासलीवाल तिलक नगर, मानसंधु भंवरकुआं और अनुष्का रॉयल अमर ग्रीन की रहने वाली है। प्रेरणा ने मुंबई से एमबीए किया है और इंदौर में रहकर एमपीपीएससी की तैयारी कर रही थी। मानसंधु के परिवार का ट्रांसपोर्ट का काम है।

---

ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर जवाब

# पहले गोली मारेंगे, फिर बात करेंगे: डेनमार्क

### हमारे सैनिकों को इजाजत की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ कोपनहेगन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है। उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे।

बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था। उस समय कम्युनिकेशन सिस्टम ठप हो गया था और सैनिकों को समझ नहीं आया था कि क्या किया जाए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह नियम आज भी लागू है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या फिर उसे खरीदने जैसे बयान दिए गए हैं। ग्रीनलैंड अटलांटिक महासागर में बसा एक द्वीप है। यह पिछले 300 साल से डेनमार्क से जुड़ा है। यहां की विदेश और रक्षा नीति डेनमार्क देखता है।



### 85% लोगों ने अमेरिकी कब्जे का विरोध किया

पिछले साल एक सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने अमेरिकी कब्जे का विरोध किया था। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने बार-बार कहा है कि हमारा देश बिकाऊ नहीं है। 1951 का छोटा रक्षा समझौता 2004 में अपडेट किया गया, जिसमें ग्रीनलैंड की सेमी-ऑटोनॉमस सरकार को शामिल किया गया, ताकि अमेरिकी सैन्य गतिविधियां स्थानीय लोगों को प्रभावित न करें।

---

# गोमांस विवाद पर कांग्रेस का निगम घेराव

## जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

भोपाल में गोमांस मिलने के मामले को लेकर कांग्रेस ने नगर निगम मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। नेताओं ने स्लॉटर हाउस से 26 टन मांस मिलने और गोमांस की पुष्टि पर सवाल उठाए तथा ठेकेदार, अधिकारियों और राजनीतिक संरक्षण की जांच की मांग की। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने और मुख्यमंत्री व महापौर निवास घेरने की चेतावनी दी गई।

भोपाल में गोमांस मिलने के मामले को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को नगर निगम के माता मंदिर स्थित मुख्यालय का घेराव किया। बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और गाय के पोस्टर लेकर पहुंचे और नगर निगम व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के चलते सुबह करीब 11.30 बजे तक निगम कार्यालय में कामकाज ठप रहा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर निगम के आधुनिक स्लॉटर हाउस से निकले वाहन में 26 टन मांस मिला, जिसमें गोमांस की पुष्टि हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार है, तब राजधानी भोपाल में गोमांस की बिक्री और तस्करी कैसे हो रही है।




---

# मेरे पास शाह के खिलाफ पेन ड्राइव : ममता

## मुझे छेड़ोगे तो छोड़ूंगी नहीं, ईडी की रेड के बाद कोलकाता में रैली की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में टीएमसी के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई है। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला।

इधर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। याचिका में ममता बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। इससे पहले शुक्रवार सुबह पार्टी के 8 सांसदों ने दिल्ली में गृह मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन किया। डेरेक ओ ब्रॉयन, महुआ मोइत्रा, कीर्ति आजाद नारेबाजी करते नजर आए। इस दौरान धक्का-मुक्की हुई, कुछ सांसद गिर भी गए। पुलिस ने सांसदों को सुबह 10 बजे हिरासत में लिया और दोपहर 12 बजे छोड़ा। कार्रवाई के बाद ममता बनर्जी ने पर लिखा- गृह मंत्री के दफ्तर के बाहर विरोध करना, हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों का लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्हें सड़कों पर घसीटना कानून का पालन नहीं है, बल्कि यह पुलिस की घमंड दिखाने की कोशिश है।



### ईडी ने टीएमसी का डेटा और रणनीति चुराने की कोशिश की

ममता बनर्जी ने कहा कि वह कल ईडी की कार्रवाई के दौरान मौके पर गई थीं और इसमें कुछ भी गलत नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि छापेमारी के दौरान उनकी पार्टी का डेटा और रणनीति चुराने की कोशिश की गई। ममता ने कहा- अगर कोई मुझ पर राजनीतिक हमला करता है, तो मैं और मजबूत होकर वापस आती हूं। दिल्ली में हुए प्रदर्शन का जिक्र करते हुए ममता ने कहा कि वहां पुलिस ने उनके सांसदों पर हमला किया, जबकि बंगाल में बीजेपी नेताओं को रेड कारपेट स्वागत मिलता है।

---

# ईरान के 100 शहरों में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन में अब तक 45 की मौत

## 2,270 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया, खामेनेई बोले- ट्रम्प को खुश करने के लिए देश बर्बाद न करें

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 100 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन फैल चुका है।

अमेरिकी ह्यूमन राइट एजेंसी के मुताबिक, प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में अब तक 45 लोग मारे गए हैं, जिनमें 8 बच्चे शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जबकि 2,270 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है।

ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने देशभर में प्रदर्शनों के बीच पहली बार राष्ट्र को संबोधित किया। ईरान के सरकारी टीवी ने खामेनेई का भाषण प्रसारित किया। खामेनेई ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसी दूसरे देश के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपने ही देश को बर्बाद कर रहे हैं।



खामेनेई ने कहा कि ईरान विदेशियों के लिए काम करने वाले भाड़े के लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शनों के पीछे विदशी एजेंट हैं जो देश में हिंसा भड़का रहे हैं।

**तेहरान एयरपोर्ट, इंटरनेट-फोन सर्विस बंद-** प्रदर्शनकारियों ने सड़कें ब्लॉक कीं, आग लगाई। लोगों खामेनेई को मौत और इस्लामिक रिपब्लिक का अंत हुआ जैसे नारे लगाए। कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारी क्राउन प्रिंस रजा पहलवी के समर्थन में रहे। उन्होंने 'यह आखिरी लड़ाई है, शाह पहलवी लौटेंगे' के नारे लगाए। देशभर में इंटरनेट और फोन सेवाएं फिलहाल बंद कर दी गई हैं। तेहरान एयरपोर्ट को भी बंद कर दिया गया है और सेना को अलर्ट पर रखा गया है।

### निर्वासित प्रिंस रजा पहलवी ने लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की थी

तेहरान में बाजार बंद रहे, छात्रों ने यूनिवर्सिटी कैंपस पर कब्जा किया। इसके तुरंत बाद सरकार ने पूरे देश में इंटरनेट और फोन लाइनें काट दीं। इसे इंटरनेट वॉचडॉग नेटब्लॉक्स ने हिंसक दमन की तैयारी बताया। फिर भी कुछ लोग स्टारलिंक से वीडियो पोस्ट कर रहे हैं। स्टारलिंक, इलॉन मस्क की इंटरनेट सर्विस है, जो सैटेलाइट से ऑपरेट होती है। प्रदर्शन और तेज हो गए जब निर्वासित प्रिंस रजा पहलवी ने गुरुवार को लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की। रजा पहलवी ईरान के आखिरी शाह मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे हैं। उनके पिता 1979 की इस्लामिक क्रांति के दौरान सत्ता से हटाए गए थे। युवराज पहलवी अभी अमेरिका में रह रहे हैं।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।



सीवरेज मिल रही लाईन को पीएचई ने काटा, पीडब्ल्यूडी की अनदेखी, सीएम हेल्प लाईन पर गुमराह करने वाली जानकारी दे रहे, तोडे गए चेंबर को बनाने की बजाय ओव्हरफ्लो बता रहे

# मुनीनगर शासकीय आवास में थी भागीरथपुरा की पुनरार्वृत्ति की तैयारी

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

मुनीनगर शासकीय आवास में भागीरथपुर की पुनरार्वृत्ति की तैयारी थी। सीएम हेल्पलाईन पर हुई शिकायत के आधार पर यहां पहुंचे पीएचई के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझा और तत्काल ही अपनी लाईन डिस्कनेक्ट कर दी जिससे मामला आगे नहीं बढ सका है। मूल रूप से लोक निर्माण विभाग के कारण यह हालात बने हैं,जिसे सुधारने को लेकर अनदेखी की जा रही है। इस समस्या का जनक भी लोक निर्माण विभाग रहा है और अब वह हेल्प लाईन को ही गुमराह कर रहा है।

मामला मुनीनगर के शासकीय आवास का है। यहां रहने वाले शासकीय कर्मियों के परिवार हाई रिस्क पर हैं। यहां करीब 50 से अधिक परिवार निवास करते हैं और सिवर लाईन का चेंबर तोडे जाने के बाद यहां पानी की समस्या उत्पन्न हुई। मामले की शिकायत सीएम हेल्प लाईन में होने पर लोक निर्माण विभाग चेंबर को रिपेयर करने की बजाय सीएम हेल्प लाईन में गुमराह करने वाला जवाब देकर शिकायत को बंद करवाने में लगा है।

### ये हैं मामला

मुनीनगर शासकीय आवास के पीछे सिवर लाईन का चेंबर है। उसे एक माह पूर्व यहां संधारण का काम देखने वाले लोक निर्माण विभाग के सफाईकर्मी ने तोडा था। पास से ही पीएचई की पानी की लाईन जा रही है। तोडे गए चेंबर से कुछ ही दिनों में सिवर की गंदगी निकल कर बाहर बह निकली और पीएचई की लाईन के आसपास जमा हो गई । गंदगी और बदबू से परेशान क्षेत्रीय शासकीय कर्मचारी ने इसकी शिकायत पहले स्थानीय स्तर पर यहां संधारण का काम देखने वाले कर्मचारी को की थी। निदान नहीं होने पर इसकी शिकायत 21 दिसंबर ,30 दिसंबर 25 एवं 7जनवरी 26को किए जाने एवं शिकायत पर कार्रवाई की जानकारी लेने पर लोक निम्रण विभाग के गुमराह करने वाली कार्रवाई खुलकर सामने आई हैं।

### तोडे गए चेंबर को ओव्हर फ्लो बता रहे

सीएम हेल्प लाईन पर शिकायत की अद्यतन जानकारी लेने पर शिकायतकर्ता को बताया गया कि लोक निर्माण विभाग का सफाईकर्मी नहीं है। विभागीय रूप से कर्मचारियों की भर्ती नहीं होने से कमी बनी हुई है। चेंबर ओव्हर फ्लो होने से सफाई की समस्या है। इसके चलते शिकायत को बंद किया जाए, जबकि शिकायतकर्ता ने साफ तौर पर बताया था कि चेंबर के टूटने से सिवर की गंदगी बाहर आ रही है। इसमें चेंबर का संधारण कार्य किया जाना है ।



### पीएचई ने एक लाईन बंद की

सीएम हेल्प लाईन पर हुई शिकायत के बाद स्थल पर पीएचई के अधिकारी हाल ही में पहुंचे थे। उन्होंने हालात को देखते हुए एवं आसपास के घरों के पानी की स्थिति को देखते हुए यहां एक लाईन से सप्लाय बंद करने का निर्णय लिया और संबंधित आवासों में रहने वालों को सामने की दुसरी लाईन से कनेक्शन लेने के लिए निर्देशित किया है।



## लापरवाही हुई पर नजरअंदाज की गई है...




पास के शहर में अशुद्ध पानी ने एक ऐसी कहानी लिख दी है जिसे आमजन वर्षों नहीं भूल पाएंगे। कुछ घरों में तो इस अशुद्ध पानी ने घर की रीढ ही तोड कर रख दी है सालों उस छत के नीचे रहने वाले इससे उबर नहीं पाएंगे। पडोसी का धर्म तो यहां भी निभाते हुए लापरवाही तो हुई पर उसे नजरअंदाज की गई है। शहर में मानसून काल के बाद नियमानुसार टंकियों की सफाई हर हाल में 15 अक्टूबर तक की जाना चाहिए थी लेकिन 3 माह में टंकी सफाई का दावा करने वालों ने ऐसा नहीं किया और वषार्काल की गाद टंकियों में जमा रही। इस दौरान इस गाद से ही पानी निकलकर घरों तक पहुंचता रहा। लोग बराबर उस पानी को पीते रहे। टंकी की सफाई वषार्काल के बाद करने का सिस्टम भी है और निर्देश भी हैं लेकिन उस पर अमल नहीं किया जाता है। वषार्काल के दौरान टंकियों में गाद जमा होना आम बात है। वषार्काल में टंकियों को भरने के दौरान पानी के साथ ही यह आती है और टंकियों में जमती चली जाती है। धीरे-धीरे इसकी मात्रा अच्छी खासी हो जाती है। 4 माह के वषार्काल के बाद टंकियों की सफाई प्राथमिकता से किए जाने के निर्देश काफी पुराने हैं। इसके बाद भी इसका पालन नहीं किया जाता है। यही स्थिति वर्तमान में टंकियों की सफाई में सामने आ रही है। खैर देर आयद दुरूस्त आयद की तर्ज पर 2 सम्पवेल एवं 25 टंकियों की सफाई अभी की गई है। वैसे शहर में 44 हैं और इनमें से 2-3 यदाकदा ही भरी जाती है। खुसूर-फुसूर है कि लापरवाही तो हुई है ये बात अलग है कि उसे नजरअंदाज कर दिया गया है। इस मामले में जांच तो होना ही चाहिए एवं कडे निर्देश भी होना चाहिए । साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए की भविष्य में लापरवाही के तमाम कामों से बचा जाए और आमजन से जुडे मामलों में पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम किए जाने की हिदायत तो मिलना ही चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने रखा उज्जैन में राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन कराने का प्रस्ताव

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के हथकरघा, सिल्क और पारंपरिक वस्त्रों को जल्द ही अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने का रास्ता खुल सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुवाहाटी में गुरुवार को आयोजित राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों के सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास की धुरी मानते हुए आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में उन्होंने प्रस्ताव रखा कि अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित किया जाए, ताकि प्रदेश की टैक्सटाइल विरासत और निवेश संभावनाओं को राष्ट्रीयझ्रअंतरराष्ट्रीय मंच मिल सके।

**एमपी में हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, सिल्क सेक्टर में हो रहा कामः** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वस्त्र उद्योग विरासत के संरक्षण के साथ आधुनिक तकनीक और नवाचार की ओर अग्रसर है। मध्य प्रदेश में हैंडलूम, हैंडिक्रॉफ्ट, सिल्क और ऑर्गेनिक कॉटन के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। सरकार का फोकस इन उत्पादों को सिर्फ घरेलू बाजार तक सीमित रखने का नहीं, बल्कि ग्लोबल मार्केट से जोड़ने का है।

9425332161

कांग्रेस पार्षद दल पहुंचा गउघाट वाटर फिल्टर प्लांट, प्लांट पर क्विंटलों से काई जमी

# पानी को शुध्द करने का प्लांट ही स्वच्छ नहीं

## नगर निगम बोर्ड शहरवासियों को पिला रहा गंदा पानी, 16 बिंदुओं की अपेक्षा 8 पर ही कर रहे जांच

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

इंदौर में भागीरथ पुरा में अशुद्ध पानी से हुई घटना के बाद उज्जैन नगर निगम में कांग्रेस पार्षद दल ने गुरूवार को यहां गऊघाट वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया है। इस दौरान प्लांट पर क्विंटलों काई जमा होने ,अशुद्ध स्थिति के साथ पानी की 16 बिंदुओं में से 8 पर ही जांच किए जाने और शहर वासियों को भाजपा बोर्ड द्वारा गंदा पानी पिलाने का आरोप कांग्रेस पार्षद दल की और से लगाया गया है।

इंदौर की दुखद घटना, कई लोगों की मौत, कईयों के जलप्रदाय से प्रभावित होने के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने पीएचई को अलर्ट मोड़ पर किया है, विशेषकर पीएचई विभाग को आदेशित किया है, कि किसी भी स्थिति में गंदा पानी सप्लाय न हो। लेकिन इस सबके बावजूद मुख्यमंत्री के गृहनगर उज्जैन में ही शहर की 7 लाख जनता को पानी पहुंचाने वाला गउघाट प्लांट ही गंदगी से भरा हुआ है।

### सेम्पल फैल, 16 में से 8 बिंदुओं पर ही जांच

बकौल श्री राय कुछ सेम्पल सामने करवाये वो तो हमारे सामने ही फैल हो गये। टेक्नीकल केमिस्ट के फार्मेट के अनुसार 16 प्रकार की जांचे पानी की होती है, लेकिन फार्मेट में जो जांचे की गई थी वो केवल 8 बिंदुओं पर जा रही है, बाकी 8 बिंदुओं पर जांच नहीं की जा रही।



### केमिस्ट की जगह असिस्टेंट कर रहा काम

प्लांट लैब में केमिस्ट होना चाहिये, रवि राय के अनुसार केमिस्ट की जगह असिस्टेंट यहां काम कर रहे हैं। एक केमिस्ट को आउट सोर्स के रूप में रखा गया है। जिस प्लांट पर पानी को स्वच्छ किया जाता है वह प्लांट ही स्वच्छ नहीं। अधिकारी रोज बैठक कर रहे पर प्लांट पर से काई हटाना नहीं चाहते।

### चार-चार इंच काई जमी

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि गउघाट प्लांट पर कांग्रेस पार्षद दल ने पीएचई अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया कि जहां पानी शुध्दिकरण किया जाता है वहां पूरे प्लांट में काई के बड़े जाले लगे हुए हैं, काई भी क्विंटलों से, प्लांट में ऐसा स्थान नहीं जहां काई नहीं, चार-चार ईंच काई जमी हुई है।

### बिना शुध्द किये कर रहे जलप्रदाय

बकौल राय जब स्टॉक रजिस्टर चेक किया तो पता चला स्टॉक रजिस्टर में कई बार लिक्विड क्लोरीन, एलम, पीएसई जैसे कई केमिकल के आगे निल लिखा था, मतलब यह उपलब्ध नहीं है। मतलब कई बार केमिकल की अनुपलब्धता में ही सप्लाई कर दिया गया होगा। जो प्लांट खुद गंदे हैं, वो शहर की करीब 7 लाख जनता को गंदा पानी ही पिला रहे हैं।

### ये थे निरीक्षण दल में

निरीक्षण करने पहुंचे दल में माया त्रिवेदी, राजेंद्र वशिष्ठ, प्रेमलता रामी, अर्पित दुबे, पार्षद प्रतिनिधिगण परमानंद मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि फिरोज पठान, मुजीब सुपारीवाले, सादिक कुरैशी, अनवर नागोरी, जाहिद पहलवान शामिल थे।

### दुरूस्त करें अन्यथा कांग्रेस आंदोलन करेगी

निरीक्षण की स्थिति देखने के बाद कांग्रेस पार्षद दल ने चेतावनी दी कि यदि 6 दिवस के अंदर इन प्लांटों की रिपेयरिंग, साफ, सफाई, काई हटाने का काम तथा व्हाईट वॉश किया जाए अन्यथा कांग्रेस पार्टी गऊघाट प्लांट पर जाकर आंदोलन करेगी।

नववर्ष पर उमड़ी भीड़, 500 क्विंटल लड्डू प्रसाद का वितरण

# 12 दिनों में महाकाल पहुंचे 29 लाख से अधिक श्रद्धालु

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में नववर्ष और वर्ष के अंत में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड भीड़ दर्ज की गई। 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक, कुल 12 दिनों की अवधि में, लगभग 29 लाख 10 हजार भक्तों ने बाबा महाकाल के दर्शन किए।

श्रद्धालुओं की यह संख्या 25 दिसंबर, क्रिसमस के दिन से बढ़नी शुरू हुई, जब 2 लाख 57 हजार से अधिक भक्त मंदिर पहुंचे। इसके बाद 26 से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आते रहे। 31 दिसंबर को 1 लाख 53 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन किए।

### नए साल पर पहुंचे सबसे ज्यादा भक्त

नववर्ष के पहले दिन, 1 जनवरी को सर्वाधिक भीड़ दर्ज की गई, जब 6 लाख 12 हजार 879 श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। यह 12 दिवसीय अवधि का सबसे बड़ा आंकड़ा था। इस दिन मंदिर परिसर, महाकाल लोक और आसपास के मार्गों पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इसके बाद भी भीड़ का सिलसिला जारी रहा।

2 जनवरी को 2 लाख 73 हजार, 3 जनवरी को 2 लाख 19 हजार, 4 जनवरी को 2 लाख 46 हजार और 5 जनवरी को 2 लाख 14 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### 30 लाख से अधिक श्रृद्धालुओं ने किए दर्शन

श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनजर, मंदिर प्रशासन, जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक व्यवस्थाएं की थीं। भस्म आरती से लेकर सामान्य दर्शन तक सुरक्षा, कतार प्रबंधन, जल आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।


मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, 25 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच लगभग 30 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवधि में करीब 500 क्विंटल लड्डू प्रसाद का वितरण भी किया गया।

प्रशासन ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी को लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया था, जो लगभग सटीक रहा। नववर्ष की सफल व्यवस्थाओं के बाद, प्रशासन ने अब महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसमें भी इसी तरह की भारी भीड़ की संभावना है।

### शिव नवरात्र में दूल्हा बनेंगे महाकाल... नौ दिन नव रूपों में होगा विशेष शृंगार

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 6 से 15 फरवरी तक शिव नवरात्र के रूप में महाशिवरात्रि उत्सव मनाया जाएगा। भगवान महाकाल दूल्हा बनेंगे और नौ दिन नव रूपों में भक्तों का मन मोहेंगे। शिव नवरात्र में अभिषेक पूजन का विशेष अनुक्रम रहेगा, इसके चलते भगवान की आरती व पूजन का समय भी बदलेगा। मंदिर प्रशासन ने महापर्व को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

महाकाल देश का एक मात्र ज्योतिर्लिंग हैं जहां फाल्गुन कृष्ण पंचमी से त्रयोदशी तक शिवनवरात्र मनाई जाती है। वस्तुतः यह शिव पार्वती के विवाह का उत्सव है। मंदिर की पूजन परंपरा में इसे लोकपर्व के रूप में मनाया जाता है। इन नौ दिनों में भगवान महाकाल दूल्हा बनते हैं और उसी प्रकार से उनकी पूजा अर्चना का क्रम सुनिश्चित किया जाता है। नौ दिन भगवान का अलग-अलग स्वरूप में श्रृंगार होता है।



# ठंड मे त्वचा की केयर जरूरी, अर्टिकेरिया से ग्रसित हो रहे लोग

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

शहर मे शीत का कहर चल रहा है। लगातार तापमान मे गिरावट का प्रभाव शरीर के विभिन्न अंग व स्किन पर भी गहरा होता है। अत्यधिक ठंड के कारण मानव शरीर की चमडी संकुचित होती है और खुजली, लाल चकत्ते व रैशेज की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। खुजली के कारण बहुत दिक्कत होती है। ऋतु संधिकाल मे अर्टिकेरिया एक सामान्य रोग है जिसे मालवा क्षेत्र मे ताफड कहते हैं। सूखी स्किन पर जगह जगह लाल चकत्ते उभर आते हैं और खुजली चलती है। इसे नाखून से खुजलाने पर ये और फैलती है।

### कैसे करें स्किन केयर

विंटर रैशेज से बचाव के लिए सूखी चमडी पर किसी क्रीम का लेपन प्रतिदिन करें ताकि अर्टिकेरिया से बचा जा सके। नियमितरूप से रात मे दूध के साथ हल्दी का सेवन उत्तम है क्योंकि हल्दी रक्तशोधक होती है। ग्वारपाटे या एलुविरा के रस का लेपन भी सूखी स्किन पर करना हितकर है। खोपरा तेल से त्वचा पर मालिश करें।



### महत्वपूर्ण सलाह



शीत पित्त या अर्टिकेरिया सूखी त्वचा के कारण होनेवाला एक चर्म रोग है जो ऋतु बदलने पर होता है। इसका सरल उपाय है कि हम घर मे एक मिश्रण तैयार रखें। अच्छी गुणवत्ता वाली पिसी हल्दी और मिश्री दोनो सौ सौ ग्राम लेकर शुद्ध गाय के देशी घी मे ड्राय फ्राय करें और एक चम्मच दो दो घंटे के अंतराल से गर्म पानी या दूध के साथ सेवन करें। दो दिन मे ही आप ताफड या अर्टिकेरिया जैसे चर्म रोग से निजात पा लेंगे।

**-डॉ प्रज्ञान त्रिपाठी, नर्मदे आयुर्वेद मक्सी रोड**

### पित्त के कारण व उपचार



आमतौर पर शीत पित्त अत्यधिक शीत के कारण होती है। तापमान मे यकायक परिवर्तन,तंग व चुस्त कपडे पहनने, त्वचा के रगड़ने व खरोचने या तनाव के कारण अर्टिकेरिया या पित्त होता है। ठंड मे त्वचा की उचित देखभाल करें। सूखी त्वचा पर माइस्चराइजिंग क्रीम या खोपरे का तेल नियमित लगाएं। एलोवेरा जेल भी उपयोग मे ला सकते हैं। एंटी एलर्जी टेबलेट किसी डाक्टर की सलाह पर लें। दूध के साथ हल्दी का सेवन करना चाहिए क्योंकि हल्दी ब्लड को शुद्ध बनाती है।

**-डॉ जूजर हुसैन, डमेटीलॉजिस्ट, कोयला फाटक**

### नीम पावडर की फंकी लें



कडवा होने पर भी नीम बहुत बडा रक्तशोधक है। नीम एंटीबैक्टीरियल होता है। अर्टिकेरिया हो जाने पर रोज नीम पावडर की एक फंकी सोने से पहले रात मे खा लें । खोपरे के तेल मे कपूर मिलाकर लाल चकत्ते या पित्ती पर लगाएं तो लाभ होगा।

**-हबीब अत्तार , यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञ**



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 10 जनवरी, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### 12 जनवरी को होगी स्वदेशी संकल्प दौड़

**उज्जैन।** स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी युवा दिवस को विद्यालय एवं महाविद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया जाकर स्वदेशी का संकल्प कराया जाएगा। उक्त आयोजन को लेकर स्वदेशी जागरण उज्जैन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वदेशी जागरण के प्रांत सह संयोजक दिलीप सिंह चौहान, प्रांत संपर्क प्रमुख डॉ. सुरेश चोपड़ा सहित उज्जैन के स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डॉ चोपड़ा ने बताया कि इसमें जन अभियान परिषद की भी भागीदारी रहेगी। इस हेतु शिक्षा विभाग द्वारा भी विद्यालयो एवं महाविद्यालयो को निर्देश प्राप्त हुए है। बैठक में जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने पेंशनर्स मार्ग की मांग की

**उज्जैन।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन उज्जैन के पदाधिकारियों- अशोक दूबे और चंद्रशेखर जोशी ने महापौर मुकेश टटवाल को पत्र सौंपकर मांग की कि चाहे देवास रोड से कोठी जाने वाले मार्ग को या इंदौर रोड से बिड़ला अस्पताल को जाने वाले मार्ग को पेंशनर्स मार्ग का नाम दिया जाए। मीडिया प्रभारी डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय ने बताया कि उस समय सत्यनारायण चौहान एम आई सी सदस्य भी मौजूद थे। महापौर और श्री चौहान ने आश्वस्त किया कि आप की माँग का सम्मान करना हमारे लिये सौभाग्य की बात है। हम इस पर शीघ्र ही विचार करेंगे।

### चिकित्सकों द्वारा निर्धारित दवाईयों का डोज पूर्ण करने की अपील

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किए जा रहे कार्यों से स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्र में सघन दौरा किया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्रों में उल्टी दस्त के जो मरीज स्वस्थ होकर लोटे थे, उनका फालोअप किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरूवार को भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में 1750 घरों में किट प्रदान की गई, जिसमें लगभग 6245 सदस्य लाभांवित हुए। प्रत्येक किट में 10 पैकेट ओ.आर.एस. तथा 30 गोलियां जिंक की हैं।

# महाकाल की नगरी अवंतिका में विदेशी पक्षियों का डेरा

## जिले के विभिन्न तालाबों और जलाशयों में किए गए सर्वेक्षण में 67 पक्षी प्रजातियां दर्ज की गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला वनमण्डल अधिकारी अनुराग तिवारी ने जानकारी दी कि यह उज्जैन के जैव विविधता के इतिहास का एक स्वर्णिम पल है। जानकारी अनुसार एशियन वॉटर बर्ड सेंसस 2026 के अंतर्गत जिले के विभिन्न तालाबों और जलाशयों में पक्षी सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वे में कुल 67 पक्षी प्रजातियां दर्ज की गईं। यह सर्वे 17 बर्ड वॉचर्स की टीम द्वारा किया गया, जिन्होंने अलग-अलग स्थानों उंडासा तालाब ,सिलारखेड़ी तालाब, उज्जैन रोड क्षेत्र, गोगापुर क्षेत्र, पुरुषोत्तम सागर तालाब में गणना की।



### संरक्षण प्रयासों के लिए उत्साहजनक संकेत

सर्वे के दौरान देखे गए प्रमुख पक्षियों में ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट, लेसर व्हिस्लिंग डक, लिटिल स्विफ्ट, इंडियन स्पॉट-बिल्ड डक, सारस क्रेन, पाइड बुशचैट, सिट्रीन वैगटेल, व्हाइट वैगटेल, लिटिल रिंग्ड प्लोवर, नॉर्दर्न शोवेलर, कॉमन सैंडपाइपर, वुड सैंडपाइपर, रूफस-टेल्ड लार्क, प्लेन प्रिनिया, प्साइबेरियन स्टोनचैट, ग्रे वैगटेल, यूरेशियन कूट, मोहन ग्रेन्स (मूरहेन) शामिल रहे। विशेषज्ञों के अनुसार सर्वे के दिनों में कोहरे की स्थिति के बावजूद जिले में दर्ज की गई यह संख्या क्षेत्र की समृद्ध पक्षी जैव विविधता को दशार्ती है और संरक्षण प्रयासों के लिए उत्साहजनक संकेत है।

### एसआईआरः अब तक 25971 को जारी किए नोटिस

**उज्जैन।** एसआईआर में मैपिंग नहीं करवा पाए जिले के 48 हजार 35 मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई के बाद मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का एक और अवसर दिया जा रहा है। अब तक 25 हजार 971 मतदाताओं को नोटिस जारी कर जिले की सभी विधानसभाओं में सुनवाई भी शुरू की जा चुकी है।

गुरवार तक इनमें से 3175 मतदाता सुनवाई के लिए पहुंचे थे। इनमें से 3088 के दस्तावेज बीएलओ द्वारा अपलोड भी किए जा चुके हैं। सर्वाधिक 26 हजार 66 नोटिस उज्जैन दक्षिण विधानसभा में जारी होना है। जिले की सभी विधानसभाओं में 15 लाख 96 हजार 103 मतदाताओं की मैपिंग का लक्ष्य था। इनमें से 48 हजार 35 मतदाताओं नाम किन्हीं कारणों के चलते मैपिंग नहीं हुए। लिहाजा इन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का एक और अवसर दिया जा रहा है। इन्हें निर्वाचन कार्यालय की तरफ से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस में दी तिथि पर मय दस्तावेज के आरओ (एसडीएम) या एईआरओ (तहसीलदार व नायब तहसीलदार) के समक्ष सुनवाई के लिए पहुंचना है।

# प्रतिबंधित जानलेवा चाइना डोर के साथ रात 1 बजे पकड़ाये दो युवक

## बेचने की फिराक में थे बैठे, झोले में मिली 12 रील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मकर संक्रांति को 5 दिन का समय शेष बचा है। प्रतिबंधित जानलेवा डोर बेचने वाले रात के अंधेरे में निकलते दिखाई दे रहे हैं। गुरुवार-शुक्रवार रात 1 बजे दो युवकों को पकड़ा गया। जिनके झोले से चाइना डोर की 12 रील बरामद की गई है।

नानाखेड़ा थाना एएसआई देवकरण परमार और सैनिक ओमप्रकाश रात्रि गश्त पर थे। रात 1 बजे के लगभग शांति पैलेस चौराहा से भ्रमण कर गुजर रहे थे उसी दौरान खबर मिली नानाखेड़ा स्टेडियम के समीप दो युवक प्रतिबंधित जानलेवा डोर बेचने की रात में आए हुए हैं। तत्काल रात्रि गश्त में शामिल एएसआई स्टेडियम की ओर पहुंचे। जहां दो युवक झोला लेकर बैठे दिखाई दिए। दोनों को सैनिक की मदद से पकड़ा गया और उनके झोले की तलाशी ली गई। जिसमें जानलेवा डोर मोनो काइट कंपनी की 12 रील भारी होना सामने आई। दोनों को हिरासत में लिया गया और थाने लाकर पूछताछ की गई। एक युवक नाबालिग होना सामने आया, जो वजीर पार्क कॉलोनी नीलगंगा क्षेत्र का रहने वाला था, उसका साथी अयोध्या बस्ती आगर मालवा का फरदीन पिता



फरीद खान 19 साल होना सामने आया। उनके पास से बरामद प्रतिबंधित चाइना डोर 3000 कीमत की होना सामने आई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि एक रील 400 से 500 रुपये में बेचने के लिए लाये थे। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव के अनुसार दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई करने के साथ बीएनएस की धारा 233 में प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल दोनों को नोटिस तामील करा कर दिया किया गया है। उनसे जुड़े प्रतिबंधित डोर के कारोबारी की तलाश की जा रही है।

### गला-नाक काटने पर भर्ती हो चुके 6 लोग

चाइना डोर के परिणाम काफी घातक होना सामने आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं को देखते हुए इस बार भी 28 नवंबर को घातक जानलेवा डोर पर कलेक्टर द्वारा प्रतिबंध लगाते हुए भंडारण, खरीद- फरोख्त के साथ प्रतिबंधित डोर से पतंग बाजी पर रोक लगा दी थी। बावजूद इसके दिसंबर माह में 6 लोग गला और नाक काटने से अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। वर्ष 2022 15 जनवरी को छात्रा नेहा अंजना की गला कटने से मौत भी हो चुकी है। मानव जीवन के साथ ही प्रतिबंधित घातक डोर पशु-पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो चुकी है।

**एक सप्ताह रहना होगा सावधान-** चाइना डोर पर लगे प्रतिबंध के बाद पुलिस द्वारा लगातार हादसा और खतरों को टालने के प्रयास किया जा रहे हैं। शहर के ब्रिज पर तार बांधे गए हैं, पतंग बाजी करने वालों पर दूरबीन से नजर रखी जा रही है। अब तक 120 रील के लगभग घातक डोर बरामद की की जा चुकी है। लेकिन जान के दुश्मनों में खतरे का जाल बिछा दिया है। जिसके चलते अब एक सप्ताह तक सावधानी से दो पहिया वाहन चलना होगा। वैसे पुलिस खतरों को डालने के लिए दो पहिया वाहनों पर एंटी डोर प्रोटेक्टर लग रही है।

# अभ्युदय में युवा प्रतिभा का उत्सव, संगीत और नृत्य से सजा पहला दिन

## छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उतारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव ह्यअभ्युदयह्ण के पहले दिन सांस्कृतिक और बौद्धिक गतिविधियों की शुरूआत हुई। प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, चित्रकला और ज्ञान आधारित प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी रचनात्मक क्षमता और बौद्धिक कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में कला, संस्कृति और युवा ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला।कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा एवं विद्यार्थी कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. एस.के. मिश्रा के मार्गदर्शन में उत्सव के पहले दिन प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।पहले दिन आयोजित कार्यक्रमों में शास्त्रीय संगीत की मधुर स्वर लहरियों से लेकर रंगों के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा की अभिव्यक्ति तक, हर गतिविधि ने दर्शकों को आकर्षित किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह स्पष्ट किया कि ह्यअभ्युदयह्ण युवाओं के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने का प्रभावी मंच बन रहा है। एकल शास्त्रीय गायन में गूंजे भारतीय रागसम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद अभियांत्रिकी संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव अभ्युदय के प्रथम दिन एकल शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# अधिकृत सेंटर से स्क्रैप कराने पर मिलेगा बड़ा लाभ

## 31 मार्च तक वाहन कर बकाया पर 90 प्रतिशत छूट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को बड़ी राहत देते हुए मोटरयान कर एवं पेनाल्टी के बकाया भुगतान पर 90 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की है।

यह छूट मध्य प्रदेश शासन, परिवहन विभाग, की अधिसूचना दिनांक 12 अगस्त 2025 के तहत दी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में मोटरयान कर बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अभियान भी शुरू किया जा रहा है।

विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे इस एकमुश्त जमा योजना का लाभउठाकर बकायादारों की सूची से नाम हटवाएं और स्क्रैपिंग के बाद नया वाहन खरीदने पर दोहरा लाभ प्राप्त करें।

एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि यह योजना विशेष रूप से उन वाहन स्वामियों के लिए फायदेमंद है, जिन पर लंबे समय से मोटरयान कर बकाया चला आ रहा है। योजना के माध्यम से न केवल भारी छूट मिल रही है, बल्कि पुराने और अनुपयोगी वाहनों से भी छुटकारा पाया जा सकता है। कई वाहन स्वामी इस योजना का लाभ लेना शुरू कर चुके हैं। आग्रह किया गया है कि ऐसे सभी वाहन स्वामी जिनके वाहनों पर मोटरयान कर अथवा शास्ति बकाया है, वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।



इसके आदेश के अनुसार राज्य में पंजीकृत किसी भी प्रवर्ग और किसी भी आयु-सीमा के ऐसे मोटरयान, जिन पर मोटरयान कर और पेनाल्टी शास्ति की राशि बकाया है, यदि उन्हें मध्यप्रदेश की किसी प्राधिकृत पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा (आरवीएसएफ) के माध्यम से स्क्रैप कराया जाता है और 31 मार्च 2026 तक एकमुश्त भुगतान किया जाता है, तो बकाया राशि पर 90 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही वाहन स्क्रैप कराने पर प्राप्त सर्टिफिकेट ऑफ डिपोजिट सीओडी के आधार पर यदि नया वाहन खरीदा जाता है और उसका पंजीयन कराया जाता है, तो देय मोटरयान कर एवं शुल्क में भी छूट का लाभ लिया जा सकेगा। मान लीजिए किसी वाहन स्वामी पर पुराने वाहन का मोटरयान कर और पेनल्टी मिलाकर 50 हजार रुपए बकाया है। यदि वह वाहन को अधिकृत आरवीएसएफ केंद्र पर स्क्रैप कराकर 31 मार्च 2026 तक एकमुश्त भुगतान करते हैं, तो उसे 90 प्रतिशत छूट मिलेगी। यानी अब उसे केवल 5 हजार रुपए ही जमा करने होंगे और शेष 45 हजार रुपए माफ हो जाएंगे। स्क्रैपिंग के बाद मिले सर्टिफिकेट ऑफ डिपोजिट के आधार पर नया वाहन खरीदने पर पंजीयन शुल्क और कर में भी अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा।

# बिजली कटौती से नानाखेड़ा क्षेत्र के रहवासी बेहद परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नानाखेड़ा क्षेत्र की कॉलोनी में सुबह हो, दोपहर हो, शाम या रात हो किसी भी समय बिजली बंद कर दी जाती है। जिसकी सूचना उपभोक्ताओं को भी नहीं मिलती। बिजली कटौती के कारण लोग बेहद परेशान है। ऐसा कोई दिन नहीं बीत रहा की नानाखेड़ा क्षेत्र में बिजली कटौती नहीं की जा रही हो। बुधवार को तो हद ही हो गई सुबह 10:30 बजे से गुल हुई बिजली शाम 4:30 बजे बाद बहाल हुई। वहीं गुरुवार सुबह भी 10:30 बजे गुल हुई बिजली 3-4 घंटे तक बंद रही। 15-20 मिनट की कटौती तो ठीक पर चार-पांच घंटे की कटौती से नानाखेड़ा क्षेत्र की कई कॉलोनी के लोग बेहद परेशान है।

बिजली बंद होने का कोई समय तय नहीं है। सुबह हो, दोपहर हो, शाम या रात हो किसी भी समय बिजली बंद कर दी जा रही है। इधर लोगों का विद्युत कटौती से बुरा हाल है। बार-बार बिजली कटौती से नागरिक अच्छे खासे परेशान हो गए हैं। शहर के कई क्षेत्रों में मेंटेनेंस लाईन डालने के लिए सुबह से बत्ती गुल कर दी जाती है जिसकी सूचना न तो उपभोक्ताओं को मिलती और न ही जनप्रतिनिधियों को मालूम रहता है।

### बिजली जाना नानाखेड़ा क्षेत्र की अर्पिता कॉलोनी में आम बात हुई

दिन में कई बार बिजली जाना नानाखेड़ा क्षेत्र की अर्पिता कॉलोनी अभिषेक नगर, मित्र नगर,में आम बात हो गई है। बिना जानकारी के बिजली कटौती के कारण लोगों को पीने के पानी सहित अन्य जरूरतों के लिए पानी की समस्या भी हो रही है। इसके अलावा रात में यदि बिजली चली गई तो घंटो तक वापस नहीं आती। बिजली कटौती के साथ ही लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। विभाग द्वारा बिना जानकारी दिए कभी भी बिजली बंद कर दी जाती है।

## उज्जैन में श्री महाकाल महालोक में गूंजेगा शिवोह्म का नाद, संक्रांति के दिन षटतिला एकादशी होने से इसका महत्व बढ़ गया

# मकर संक्रांति पर तिल के उबटन से स्नान करेंगे बाबा महाकाल

### तिल के पकवानों का भोग लगेगा

### दान पुण्य के साथ यह व्रत के लिए भी सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है संक्रांति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

, उज्जैन। सूर्य के उत्तरायन का पर्व मकर संक्रांति 14 जनवरी बुधवार को षटतिला एकादशी पर सर्वार्थसिद्धि व अमृतसिद्धि योग के महासंयोग में मनाया जाएगा। ज्योतिर्लिंग महाकाल



मंदिर में तड़के 4 बजे भस्म आरती में तिल उत्सव मनेगा। भगवान को तिल के उबटन से स्नान कराया जाएगा। पश्चात तिल के पकवानों का महाभोग लगाकर आरती की जाएगी। शाम को श्री महाकाल महालोक में मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के हाथों श्री महाकाल महोत्सव का शुभारंभ होगा। शिवोह्म के नाद से राज का आंगन गुंजायमान होगा। पंचांग की गणना के अनुसार 14 जनवरी को दोपहर 3 बजकर 8 मिनट पर सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही दान, पुण्य का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

### दान पुण्य के साथ संक्रांति व्रत के लिए भी सर्वश्रेष्ठ मानी जा रही

धर्मशास्त्र की मान्यता के अनुसार सूर्य के उत्तरायन होने के बाद स्नान, दान का पुण्य पर्व 15 जनवरी को रहेगा। इस बार मकर संक्रांति के दिन षटतिला एकादशी होने से इसका महत्व और बढ़ गया है। दान पुण्य के साथ यह व्रत के लिए भी सर्वश्रेष्ठ मानी जा रही है। सांदीपनि आश्रम, गोपाल मंदिर सहित अन्य कृष्ण मंदिरों में इस दिन विशेष उत्सव रहेगा। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली सांदीपनि आश्रम में इस दिन भगवान का तिल मिश्रित जल से अभिषेक पूजन किया जाएगा। पश्चात तिल के पकवानों का महाभोग लगाकर आरती की जाएगी।



### खिचड़ी का दान कर सकेंगे, ग्रहण नहीं करेंगे

प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी पर भक्तवृंद व्रत रखते हैं। इस दिन अन्न का त्याग बताया गया है। विशेषकर चावल का सेवन बिल्कुल नहीं किया जाता है। दिनभर में एक समय फलहार के बाद अगले दिन पारणा होता है। संक्रांति पर षटतिला एकादशी का संयोग होने से श्रद्धालुओं में चावल की खिचड़ी के सेवन व दान को लेकर भ्रम की स्थिति बन रही है। लेकिन विद्वानों का मत है कि मकर संक्रांति पर चावल का दान करने में कोई रोक नहीं है, इसके सेवन से बचना चाहिए।



### 11 एवं 12 जनवरी को होगा मप्र स्टार्टअप समिट

**इंदौर।** राज्य शासन के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने हेतु 11 एवं 12 जनवरी 2026 को रविन्द्र भवन, भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवार्ड 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। 24 फरवरी 2025 के पश्चात उद्धक्कळ (उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग) भारत सरकार से मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति 2025 के अंतर्गत स्किम के तहत 10 हजार रुपए प्रतिमाह की दर से 12 माह तक सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 05 वर्ष के लिए प्रदान किया जायेगा।

# जात-पात पूछे नहीं कोई



www.awantika.com

जगद्गुरु रामानंदाचार्य ने भारत में जो व्यापक प्रयोग किए, इसीलिए भी यह भूमि श्रे?ठ हुई। भक्ति और भगवद् प्रेम को ऊंची जातियों से आगे विस्तार देते हुए उन्होंने साफ कह दिया कि जात-पात पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। उनके शिष्यों में हर जाति-वर्ग की विभूतियां थीं। उन्होंने पहली बार महिला संतों को शिष्या रूप में स्वीकार किया। उनके परम प्रिय बारह शिष्यों में पद्मावती और सुरसरि भी थीं। ब्राह्मण अनंतानंद भी उनके शिष्य थे और जुलाहे कबीर भी। राजा पीपा भी शिष्य थे, चर्मकार रैदास भी। शिष्यों में धन्ना जाट भी थे और सेन नाई भी। उन्होंने भारतीय समाज को ऐसे संयोजित किया कि सनातन धर्म सबको प्रेरित करने वाला धर्म बन गया। वैदिक सनातन धर्म केवल ब्राह्मणों का नहीं है, केवल भारत वालों का नहीं है, किसी भी प्रकार के भेदभाव का नहीं है। सनातन धर्म संपूर्ण मानवता का धर्म है। भगवान ने अनादि वेदों का स्मरण किया और संसार को वेद मिले। केवल ब्राह्मणों, क्षत्रियों को नहीं, सबको मिले। कहना चाहिए कि जैसे राम जी की तुलना राम जी से होगी और किसी से नहीं। ठीक वैसे ही रामानंदाचार्य की तुलना और किसी आचार्य से नहीं होगी। भारतीय समाज में रामानंदाचार्य अतुलनीय हैं। उन्होंने भक्ति और प्रेम की भाषा को सहज बनाकर जन-जन तक पहुंचाया। उन्हीं की छत्रछाया में बाद में हमें श्रीरामचरितमानस जैसा पावन-अनुपम लोक ग्रंथ लोकभाषा में प्राप्त हुआ। अपना देश यूं ही नहीं महान है। हमारे संतों ने अपने मन से ही कहा, रे मन मूरख। यहां हम दूसरे को मूरख क्यों कहेंगे, अपने मन को ही कहेंगे और अपनी प्रेम-भक्ति का उत्थान करेंगे। रामानंदाचार्य ने अद्भुत कार्य किए, मानव जीवन और सनातन धर्म के लिए। उन्होंने सबको मिलाकर रखने के धार्मिक अभिप्राय को समझा। कुछ लोग कहते हैं कि हम मानव धर्म को मानते हैं। वास्तव में, वैदिक सनातन धर्म से जुड़ा मनुष्य जीवन ही प्रशस्त है। सड़क से दूर खेत में कोई गाड़ी जा फंसी हो, तो पेट्रोलिंग वाले भी उसे कुछ नहीं बोलते हैं। जो गाड़ी नेशनल हाईवे पर हो, उसकी तत्काल मदद की जा सकती है, पर जो गाड़ी मार्ग पर ही नहीं है, उसकी मदद कौन करेगा? अतः हम स्वयं को भटकने न दें, इसीलिए रामानंदाचार्य हमें निर्मल मन के लिए प्रेरित करते हैं। भारत में तो वैदिक सनातन धर्म है, लोग सुबह उठते हैं, तो हथेली पर ही ईश?वर के दर्शन कर लेते हैं। भगवान के नाम से सुबह की शुरूआत करते हैं। पृथ्वी पर पांव रखने से पहले उसे प्रणाम करते हैं। पग-पग पर भगवत्स्मरण ही सनातन जीवन है। रामानंदाचार्य के पद पवित्र गुरुग्रंथ साहिब में भी सुशोभित हैं, जिसका भाव है कि आप अपने मन में परमात्मा को बसा लीजिए, तो फिर आपको कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है।



सम्पादकीय

## बंगाल में सियासत

पश्चिम बंगाल में सरकारी एजेंसियों से जुड़ी सियासत का फिर से तेज होना बहुत चिंताजनक है। सहज शब्दों में बयान करें, तो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी के एक बड़े रणनीतिकार के आवास व कार्यालय पर एक पुराने कथित घोटाले की वजह से छापा मारा। जवाब में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी अपने मातहत आला पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गईं। नतीजा यह हुआ कि दोनों पक्षों के बीच आरोपों-प्रत्यारोपों की बौछार शुरू हो गई। ईडी ने बताया कि ये छापे कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि छापा मारने के बहाने ईडी अधिकारियों द्वारा तृणमूल प्रत्याशियों की सूची और चुनावी रणनीति संबंधी दस्तावेजों को जब्त किया जा रहा है। आदर्श स्थिति यह है कि एक सरकारी एजेंसी अगर जांच-पड़ताल कर रही हो, तो दूसरी एजेंसियां सहयोग में खड़ी हो जाएं, लेकिन पश्चिम बंगाल में केंद्रीय एजेंसियों के प्रति राज्य सरकार की शिकायत पुरानी है। ऐसे कई मौके आए हैं, जब राज्य सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों को निशाना बनाया और जांच करने वाले अधिकारियों की भी मुसीबत बढ़ गई।

अपने स्वभाव के अनुरूप ममता बनर्जी के आवेश को समझा जा सकता है। उन्होंने भाजपा को ललकारा है कि वह तृणमूल कांग्रेस को लोकतांत्रिक तरीके से हराकर दिखाए। ईडी ने जिस रणनीतिकार प्रतीक जैन के आवास पर छापा मारा है, उसे ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी का आईटी प्रमुख बताया है। बहरहाल, राज्य सरकार के अधिकारियों के पहुंचने का फायदा यह हुआ है कि ममता बनर्जी ने पार्टी के कथित जरूरी दस्तावेजों और हार्ड डिस्क को वापस ले लिया है। पश्चिम बंगाल में राजनीति की यह नाटकीयता नई नहीं है। ममता बनर्जी की यह धमकी भी गौरतलब है कि ईडी के छापे के जवाब में पश्चिम बंगाल में भाजपा के पार्टी कार्यालयों पर छापेमारी की जाए, तब क्या होगा? उनका कहना है कि वह संयम बरत रही हैं और यही होना चाहिए। कुल मिलाकर, ऐसी सियासत शुरू हो गई है कि ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। क्या ईडी का व्यवहार उसके अपने नियम-कायदों के अनुरूप है? यहां अगर ईडी सही है, तो राज्य सरकार को किस हद तक और कैसे कठघरे में खड़ा किया जा सकता है? ईडी के छापे की जगह पर खुद मुख्यमंत्री का पहुंचना और खुद अपने हाथों में दस्तावेज थामे दिखना भारतीय राजनीति की ताजा स्याह तस्वीर है।

विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी पर विशेष)

# एक महत्वपूर्ण कदम : हिंदी भाषा और एआई तकनीक का मिलन





संदीप सृजन
(दैनिक अवन्तिका)

हिंदी भाषा, जो विश्व की चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और भारत की आधिकारिक भाषा है, अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की दुनिया में एक नई क्रांति का केंद्र बिंदु बन रही है। एआई तकनीक ने हिंदी को डिजिटल युग में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, जहां भाषाई बाधाएं ध्वस्त हो रही हैं और समावेशी विकास की नई संभावनाएं खुल रही हैं। हिंदी भाषा और एआई तकनीक का यह संगम न केवल भारत की बहुभाषी विविधता को मजबूत कर रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर हिंदी को विज्ञान, शिक्षा और शासन की भाषा बनाने में योगदान दे रहा है।

हिंदी भाषा का एआई से जुड़ाव नया नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में यह तेजी से बढ़ा है। भारत में 22 अनुसूचित भाषाओं और सैकड़ों बोलियों के साथ भाषाई विविधता एक बड़ी चुनौती रही है। एआई की प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) तकनीक ने इस विविधता को अवसर में बदल दिया है। भारत सरकार की प्रमुख पहल भाषिणी इस दिशा में मील का पत्थर है। राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन (एनएलटीएम) के तहत विकसित भाषिणी एक एआई-संचालित प्लेटफॉर्म है जो रीयल-टाइम अनुवाद, वाक पहचान और भाषा समझ प्रदान करता है। यह 22 अनुसूचित भाषाओं सहित जनजातीय भाषाओं का समर्थन करता है। 2025 में भाषिणी ने महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों में बहुभाषी चैटबॉट के रूप में काम किया, जहां लाखों श्रद्धालुओं को हिंदी और अन्य भाषाओं में जानकारी मिली। भारतीय रेलवे ने भी भाषिणी को टिकटिंग और घोषणाओं में एकीकृत किया है, जिससे यात्रियों को अपनी भाषा में सुविधा मिल रही है।

एक और महत्वपूर्ण विकास भारतजेन है। यह भारत का पहला स्वदेशी बहुभाषी जनरेटिव एआई मॉडल है, जो टेक्स्ट-टू-टेक्स्ट और टेक्स्ट-टू-स्पीच क्षमताओं से युक्त है। वर्तमान में यह हिंदी, मराठी, तमिल, मलयालम, बंगाली, पंजाबी, गुजराती, तेलुगु और कन्नड़ जैसी 9 भाषाओं का समर्थन करता है। जून 2026 तक यह सभी 22 अनुसूचित भाषाओं को कवर करेगा। भारतजेन कृषि, शासन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अनुप्रयोग विकसित कर रहा है। उदाहरणस्वरूप, किसानों को हिंदी में मौसम और फसल सलाह मिल सकेगी। यह मॉडल भारतीय संदर्भों और संस्कृति को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो पश्चिमी एआई मॉडलों से अलग है।

वैश्विक स्तर पर भी हिंदी के लिए विशेष एआई मॉडल विकसित हो रहे हैं। जी42 कंपनी का नंदा मॉडल एक 13 अरब पैरामीटर वाला हिंदी-केंद्रित लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) है, जो 2.13 ट्रिलियन टोकनों पर प्रशिक्षित है। यह हिंदी की बोलियों, मुहावरों और क्षेत्रीय विविधताओं को समझता है। नंदा का अपग्रेडेड वर्जन 87 अरब पैरामीटर वाला है, जो हिंदी-अंग्रेजी मिश्रित भाषा (हिंग्लिश) को भी संभालता है। सरवम एआई का ओपनहाथी हिंदी मॉडल और गूगल का जेमिनी अब हिंदी सहित 9 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। गूगल सर्च का एआई मोड भी हिंदी में काम करता है, जो बातचीत शैली में खोज को आसान बनाता है।

एआई हिंदी शिक्षा और साहित्य को भी बदल रहा है। टॉकियो एआई जैसे ऐप्स हिंदी सीखने में मदद कर रहे हैं, जबकि आईआईटी मद्रास ने लेक्चरों को 11 भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने वाला सिस्टम विकसित किया है। बॉलीवुड और सोशल मीडिया पर हिंदी कंटेंट को एआई टूल्स से बेहतर बनाया जा रहा है। पर्यावरण, स्वास्थ्य और लिंग समानता जैसे विषयों पर हिंदी पॉडकास्ट और ब्लॉग एआई की मदद से वैश्विक पहुंच बना रहे हैं।

हालांकि, हिंदी और एआई के इस सफर में चुनौतियां भी हैं। मुख्य समस्या डेटा की कमी है। इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री का बड़ा हिस्सा अंग्रेजी में है, जबकि भारतीय भाषाएं मात्र 1 प्रतिशत हैं। हिंदी की जटिल व्याकरण, संयुक्त शब्द, लिपि (देवनागरी) और बोलियों की विविधता एआई मॉडलों के लिए टोकनाइजेशन और प्रशिक्षण को कठिन बनाती है। हिंग्लिश और कोड-स्विचिंग (भाषा मिश्रण) भी समस्या पैदा करती है। कई साहित्यिक और मौखिक परंपराएं डिजिटाइज नहीं हुई हैं। इसके अलावा, बायस का खतरा है झ यदि प्रशिक्षण डेटा असंतुलित हो तो एआई सांस्कृतिक गलतियां कर सकता है। गोपनीयता और डेटा सुरक्षा भी चिंता का विषय है। कम संसाधन वाली भाषाओं में एआई की सटीकता कम होती है, जिससे अनुवाद में अर्थ विकृति हो सकती है।

इन चुनौतियों के बावजूद, भविष्य उज्ज्वल है। भारत सरकार की इंडिया एआई मिशन और ओपन-सोर्स पहलें डेटा संग्रह को बढ़ावा दे रही हैं। भाषिणी की क्राउडसोर्सिंग से लाखों वाक्य एकत्र हो रहे हैं। 2026 तक भारतजेन सभी भाषाओं को कवर करेगा, जो डिजिटल समावेशिता को बढ़ाएगा। एआई हिंदी को विज्ञान और तकनीक की भाषा बना रहा है, जैसा कि केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा झ ₹हिंदी अब सिर्फ भाषा नहीं, भारत की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।₹ एआई से हिंदी में रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं, जैसे अनुवादक, कंटेंट क्रिएटर और एआई ट्रेनर। हिंदी भाषा और एआई तकनीक का यह मिलन भारत को वैश्विक एआई नेता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल भाषाई बाधाओं को तोड़ रहा है, बल्कि करोड़ों लोगों को डिजिटल दुनिया से जोड़ रहा है। यदि हम डेटा संग्रह, नैतिकता और समावेश पर ध्यान दें, तो हिंदी एआई के माध्यम से विश्व को नई वैचारिक दृष्टि दे सकती है। यह संगम हमें एक ऐसे भारत की ओर ले जा रहा है जहां हर नागरिक अपनी मातृभाषा में प्रौद्योगिकी का लाभ उठा सके। हिंदी और एआई का यह सफर अभी शुरूआत है आगे और भी क्रांति बाकी है।

## पीला अहंकार

उस वातानुकूलित दफ्तर की खिड़की से बाहर देखें, तो पूरा शहर एक पीले कोहरे में लिपटा दिखाई देता था, पर भीतर साहब के चेहरे पर गजब का 'पिंक' ग्लो था। साहब का कमरा इतना ठंडा था कि वहाँ संवेदनाएं जम चुकी थीं। उनके सामने मेज पर एक पीली फाइल रखी थी-वही 'गोल्डन' फाइल, जिसमें शहर की प्यास और मौतों का हिसाब-किताब 'प्रॉफिट एंड लॉस' के कॉलम में कैद था।

साहब ने अपनी मोंट ब्लांक कलम घुमाई और सामने खड़े मातहत से पूछा, यह जो मोहल्ले में कल तीन 'यूनिट्स' कम हुई हैं, इनका कारण क्या लिखा?

मातहत ने अपनी रीढ़ की हड्डी को थोड़ा और झुकाया और विनीत स्वर में बोला, साहब, तकनीकी रूप से वे 'मर' चुके हैं, पर हमने फाइल में लिखा है कि वे 'निर्वाण' को प्राप्त हुए। कारण-अत्यधिक हाइड्रेशन। उन्होंने पानी पीया और उनके फेफड़ों ने विकास की उस भारी मात्रा को झेलने से इनकार कर दिया।

साहब मुस्कराए। उनकी मुस्कराहट में वैसी ही चमक थी जैसी उस पीले पानी की ऊपरी सतह पर तैरते हुए केमिकल की होती है। वे बोले, गुड! देखो, डेटा को कभी रोना नहीं चाहिए। डेटा को हमेशा मुस्कराना चाहिए। अगर दस लोग पीला पानी पीकर नीले पड़ गए हैं, तो इसे 'कलर ट्रांज़िशन' की उपलब्धि बताओ। कहो कि हमने शहर को बहुरंगी बनाने का प्रोजेक्ट शुरू किया है।

सस्पेंस तो उस अलमारी में था, जो साहब के ठीक पीछे रखी थी। उसमें उन पाइपों के सैंपल थे, जो कागजों पर तो सोने के थे, पर जमीन के नीचे वे पीतल से भी गए-गुजरे निकले। साहब जानते थे कि पाइप में छेद नहीं है, बल्कि पूरा सिस्टम ही एक बड़ा 'छेद' है, जिससे पैसा रिसकर सीधे उनके स्विस बैंक के खातों में जा रहा है।

तभी फोन बजा। दूसरी तरफ से कोई बड़ा 'आका' बोल रहा था। साहब की आवाज में अचानक चाशनी घुल गई, जी मंत्री जी... बिल्कुल! पानी का रंग पीला इसलिए रखा है ताकि वह 'स्वच्छ भारत' के विजन में 'गोल्डन इंदौर' का अहसास दिलाए। जी, जो लोग अस्पताल में हैं, उन्हें हम 'स्मार्ट सिटी' के पहले प्रयोगकर्ता मान रहे हैं। मुआवाजा? नहीं-नहीं साहब, मुआवाजे की जगह हम उन्हें 'शुद्धता का प्रमाण पत्र' दे रहे हैं।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 10 जनवरी 2026 शनिवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 17:55
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहूकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - सप्तमी 08:24 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - हस्त 15:40 उपरांत चित्रा
योग - अतिगंड 16:58 उपरांत सुकर्मा
करण - बव
चन्द्रमा - कन्या में है। 04:52 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 20 तारिख

**मेष-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है।

**वृषभ-** व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन-** रुके हुए कार्य पूरे होंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। कार्यभार व अधिकार में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क-** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी।

**सिंह-** कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कन्या-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। भाग्य का साथ मिलेगा।

**तुला-** फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृश्चिक-** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। बेकार बातों पर बिलकुल ध्यान न दें। अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा।

**धनु-** राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मकर-** आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कुंभ-** भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी। बेरोजगारी दूर होगी।

**मीन-** आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। चारों तरफ से सफलता मिलेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## रसायन विज्ञान की तैयारी कैसे करें



डॉ योगेन्द्र कोठारी
(दैनिक अवन्तिका)

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा का आयोजन माह फरवरी में किया जा रहा है, विज्ञान संकाय के कक्षा 12के विद्यार्थियों के लिए रसायन विज्ञान की तैयारी के लिए कुछ टिप्स बताई जा रही है-

सबसे पहले हम प्रश्न पत्र के पेटर्न पर बात करेंगे रसायन विज्ञान का सैद्धांतिक प्रश्नपत्र 70 अंक का है, जिसमें 28अंक के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र आयेगे, जिसमें सही विकल्प चुनिए, सही जोड़ी बनाइए, रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए, सत्य/असत्य लिखिए,और एक शब्द में उत्तर दीजिए इस प्रकार 5 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके बाद 2अंक के 7 लघु उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे जो कुल 14 अंक के होगे 3 अंक के 4 प्रश्न पूछे जाने है जिनकी शब्द सीमा75शब्द रहेगी, इस प्रकार कुल 12 अंक के ये प्रश्न पूछे जाएंगे इसी प्रकार 4 अंक के 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे प्रत्येक की शब्द सीमा 120शब्द रहेगी यानी कुल 16 अंक के ऐसे प्रश्न पूछे जाएंगे।

### अब बात करते है कि विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी कैसे करें

सबसे पहले वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए एन सी ई आर टी की केमिस्ट्री की बुक को अच्छे से पढ़ने की जरूरत है। इसमें जो बोल्ड लाइन है या जो बॉक्स के अंदर मैटर दिए गए हैं उनको ध्यान पूर्वक पढ़ना चाहिए. और अपने टीचर से समस्या समाधान करें। एन सी ई आर टी की केमिस्ट्री के प्रत्येक इकाई के अंतर्गत उदाहरण के प्रश्न, इंटेक्स प्रश्न को विशेष रूप से पढ़ना और समझना चाहिए।

रसायनविज्ञान में कार्बनिक रसायन की इकाईयां जैसे हैलो एल्केन, हैलो एरोन, ऐल्कोहॉल फिनोल, ईथर, एल्डिहाइड और कीटोन, कार्बोक्सिलिक अम्ल तथा नाइट्रोजन युक्त कार्बनिक यौगिक की अभिक्रियाएं एवं समीकरण लिख कर याद करें। इसमें रीजनिंग प्रश्न भी पढ़े। अकार्बनिक रसायन विज्ञान की इकाईयां जैसे डी एवं एफ ब्लॉक के तत्व और उपहासंयोजी रसायन के पाठ्यांश को समझे तथा कारण सहित उत्तर याद करें भौतिक रसायन की इकाईयां जैसे विलयन, विद्युत रसायन तथा रसायनिक बालगीतिकी में नियम , सिद्धांत एवं गणितीय व्यंजक सूत्र, मापन इकाईयां को लिखकर समझे तथा आंकिक प्रश्न हल करे, रेखा चित्र बनाएं जैव रसायन इकाई को बार बार पढ़े। इस प्रकार आप रसायन विज्ञान में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं और अपने परीक्षा परिणाम को बेहतर बना सकते हैं।

डॉ कोठारी के यू ट्यूब चैनल (@Yogendra Kothari) पर रसायन विज्ञान के 700 से अधिक वीडियो है, जो विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैतथा सरल तरीके से टॉपिक्स समझाए गए है,जिसमें रसायन विज्ञान की विभिन्न इकाईयों की पाठ्य सामग्री है।

## सनातन संस्कृति के लिए जागरूकता की दरकार

सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका मजबूत कर संकल्प लेना धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन कर जागरण के माध्यम से सशक्त बनाना आवश्यक है। संघ शताब्दी वर्ष के तहत मालवा- निमाड़ में कई स्थानों पर संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमे समरसता के भाव भी मजबूत होंगे। सनातन का अर्थ है शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला अर्थात जिसका न आदि है न अन्त। ' जैसे भगवान शाश्वत ( सनातन) हैं, ऐसे ही सनातन धर्म भी शाश्वत है। भगवान ने तो सनातन धर्म को अपना स्वरूप बताया है। इसमें वेदांत, योग, ध्यान, तप, और सृष्टि के मौलिक सिद्धांतों (जैसे वसुधैव कुटुम्बकम्) का पालन करना शामिल है।सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र सुरक्षा में समाज की भूमिका को सुदृढ़ करनेकी आवश्यकता है।

संजय वर्मा'

# सर्दियों में सेहत के लिए बेहद लाभकारी है आंवला



मामूली सा दिखने वाला आंवला सेहत का खजाना है। यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। कई राज्यों में इसे आंवला की के नाम से भी जाना जाता है। आंवला विटामिन उ का अच्छा स्रोत है। ज्यादातर आयुर्वेदिक दवाइयों में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

आंवला में विटामिन्स के अलावा, फाइबर, फोलेट, एंटी-ऑक्सिडेंट्स, फॉस्फोरस, आयरन, कार्ब्स, ओमेगा 3, मैग्निशियम और कैल्शियम पाया जाता है। इतने सारे पोषक तत्वों से भरपूर आंवले के इन 5 फायदों से आप अब तक अनजान होंगे।

### विटामिन सी का लाभ

आंवला में विटामिन सी काफी मात्रा में होता है। ऐसे में अगर कोई हर रोज आंवला का सेवन कर रहा है तो इससे दिल की बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। आंवला में मौजूद विटामिन सी एथेरोस्क्लेरोसिस जैसी बीमारी को भी शरीर से दूर रखता है जिसमें ब्लड वेसल्स में फैट, कोलेस्ट्रॉल जैसे गंदे पदार्थ जमा होने लगते हैं।

### ब्लड शुगर के लिए भी फायदेमंद

आंवला में क्रोमियम भी पाया जाता है जिसके सेवन से ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। डायबिटीज के मरीजों के लिए आंवला का सेवन भी काफी फायदेमंद है।

### मुंहासों को दूर भगाए

आंवला में ऐसे तत्व हैं, जिनमें खून साफ करने के गुण होते हैं। इसका लाभ चेहरे पर होने वाले मुहांसों की समस्या को दूर करने में मिलता है। इंसान की त्वचा ना सिर्फ बेदाग बल्कि चमकदार भी होती है।

### मुंह के छालों से दिलाए निजात


आंवला उन लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है जो मुंह के छालों से परेशान रहते हैं। ऐसे लोगों को आंवला के जूस का सेवन करना चाहिए। साथ ही आंवला का सेवन दांत और मसूड़ों को भी मजबूत बनाता है।

### इम्यून सिस्टम के लिए असरदार

आंवला शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए रामबाण इलाज है। इसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो इम्युनिटी बढ़ाता है। सर्दियों में आंवले का सेवन सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है।

धर्म-आस्था

# योग और तंत्र में बताई गयी हैं कुछ शारीरिक सिद्धियाँ



अध्यात्म में योग की मदद से कई सिद्धियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से कुछ ऐसी शारीरिक सिद्धियाँ होती हैं जो मनुष्य को असाधारण रूप से ताकतवर बना देती हैं। शरीर सिद्धियाँ वे शक्तियाँ हैं, जिनमें साधक अपने शरीर, प्राण और तत्वों पर असाधारण नियंत्रण प्राप्त कर लेता है। तो, चलिए जानते हैं ऐसी ही 8 सिद्धियों के बारे में...

योग और साधना के मार्ग में कुछ विशेष अवस्थाएँ आती हैं, जिन्हें सिद्धि कहा जाता है। अध्यात्म में 64 सिद्धियों का वर्णन मिलता है, जो योग, ध्यान, काया और मन से जुड़ी हैं। उन 64 सिद्धियों में 8 ऐसी सिद्धियाँ हैं, जो काया यानि शरीर से जुड़ी हैं। शरीर सिद्धियाँ योग, तप और साधना से प्राप्त होने वाली अद्भुत शक्तियाँ मानी जाती हैं। ये सिद्धियाँ शरीर और प्रकृति पर नियंत्रण की क्षमता देती हैं। क्या हैं ये सिद्धियाँ, चलिए जानते हैं...

### 1. काया सिद्धि

काया सिद्धि में गहन योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान से शरीर को इतना शुद्ध किया जाता है कि साधक पर रोग और मृत्यु का प्रभाव नहीं रहता। साधक का शरीर दिव्य हो जाता है और वह निरंतर साधना कर सकता है।

### 2. वायुस्तंभन

इस सिद्धि में साधक अपनी श्वास को लंबे समय तक रोक सकता है और वातावरण की वायु गति को भी प्रभावित कर सकता है। आप कह सकते हैं कि इस सिद्धि के मिलने के बाद साधक के पास प्राण और वायु की गति को रोकने की शक्ति आ जाती है।

### 3. जलस्तम्भन

इस सिद्धि को पाने के बाद साधक मंत्र और ध्यान से साधक जल तत्व पर अधिकार प्राप्त करता है। उसमें जल को नियंत्रित करने की क्षमता आ जाती है।

### 4. तेजस्तंभन

इस सिद्धि में अग्नि साधना और ध्यान से शरीर को अग्नि तत्व के अनुकूल बनाया जाता है। इस सिद्धि को पाने के बाद साधक में अत्यधिक गर्मी या आग को सहन करने की क्षमता आ जाती है। साधक बिना हानि के अग्नि में रह सकता है या अत्यधिक गर्मी को सहन कर सकता है।

### 5. शरीरा लय

इस सिद्धि को पाने के बाद साधक में इच्छा अनुसार शरीर को नष्ट करने की शक्ति आ जाती है। उच्च स्तर की योग सिद्धि से साधक अपने शरीर को विलीन कर सकता है।

### 6. छाया सिद्धि

यह सिद्धि रहस्यमयी है और साधक को अदृश्यता जैसी शक्तियाँ देती है। इस सिद्धि को पाने के बाद ध्यान और मंत्र शक्ति से साधक अपनी छाया को अलग कर सकता है या नियंत्रित कर सकता है।

### 7. विशुद्धि

मंत्र जप और ध्यान से साधक शरीर को इतना शुद्ध कर लेता है कि विष का प्रभाव नहीं होता। साधक विषपान करने पर भी सुरक्षित रहता है।

**8. ऊर्ध्वजानु** इस सिद्धि को पाने के बाद साधक जल पर चल सकता है या हवा में ऊपर उठ सकता है। साधक को पानी पर तैरने या ऊपर उठने की क्षमता मिल जाती है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2960 चना काबली- 2800-8560, चना बड़ा- 5341-6029, बटला- 1500-3840 बटला- 1500-3840, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 1800-6161, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 1,39,600, रवा- 1,39,500 चांदी- टंच- 2,40,700 पाट- 2,40,600।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## अभिभाषक संघ सुसनेर का निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न

**सुसनेर।** गुरुवार को अभिभाषक संघ का निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में पूरी की गई। जिसमें सभी सदस्यों की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित पैनल में अध्यक्ष पद पर भूपेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष शकील खान, कोषाध्यक्ष दीपक सक्सेना एवं सचिव पद पर पूर सिंह सिसोदिया को चुना गया। निर्वाचन के पश्चात अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्पमालाएं पहनाकर बधाई दी तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की। संघ के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा एवं संघ को और सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करेगी।

## यातायात पुलिस ने शांति भंग करने वाले सायलेंसर निकालकर की चालानी कार्यवाही



**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोदकुमार सिंह के निर्देशन में गुरुवार को अवैध मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर शहर की शांति भंग करने वाली बुलेट गाड़ियों को पकड़कर चलानी कार्यवाही कर उनके साइलेंसर निकलवाए गए है। आज चार गाड़ियों के साइलेंसर निकलवाए गए है और एक गलत नंबर प्लेट भी निकलवाई गए है। पांच चालान बनाकर 3000 रुपए समन शुल्क वसुला गया।

## अवैध सागौन की लकड़ी से भरी पिकअप वाहन जप्त, तीन आरोपी गिरफ्तार



**ब्यावरा-राजगढ़।** पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल.बंजारे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुठालिया के नेतृत्व में सुठालिया पुलिस ने अवैध सागौन लकड़ी के परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीती रात को थाना सुठालिया पुलिस बल ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान मधुसूदनगढ़ रोड की ओर से आ रही एक पिकअप वाहन क्रमांक आरजे 17 जीए 6483 को फोर्स की सहायता से रोककर चेक किया। जांच के दौरान पिकअप में हरे रंग की मेटी के नीचे छिपाकर रखी गई 20 नग गोल सागौन लकड़ियाँ पाई गईं। वाहन चालक भूरालाल पिता फुलसिंह तंवर 23 वर्ष के अलावा वाहन में सवार अन्य दो व्यक्ति भगवान सिंह पिता रामचरण तंवर 20 वर्ष निवासी खातीकापुरा छोढलिया थाना मनोहरथाना जिला झालावाड़ (राजस्थान) एवं हरिसिंह पिता प्रेमसिंह तंवर, 25 वर्ष, निवासी सेमलीभोज थाना चाचौड़ा जिला गुना को गिरफ्तार कर ने वाहन से जप्त सागौन लकड़ी के संबंध में वन विभाग को सूचना दी जिस पर वनपाल जगदीश सिंह हाड़ा ने उक्त लकड़ियों को सागौन की होना प्रमाणित किया। परिवहन के संबंध में पूछताछ एवं वैध दस्तावेज मांगने पर आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। वन विभाग के अनुसार जप्त सागौन लकड़ियों की अनुमानित कीमत 72,000/-रु तथा जप्त पिकअप वाहन की कीमत लगभग 5,00,000/-रु आंकी गई है। आरोपियों द्वारा अवैध रूप से सागौन की चोरी एवं परिवहन किया जाने पर उनके विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस, धारा 26/52 भारतीय वन अधिनियम एवं धारा 5/16 मध्यप्रदेश वन उपज व्यापार एवं विनियमन अधिनियम, 1969 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया है।

## कायथा महाविद्यालय की खिलाड़ी रानी कर रही है सतना में कायथा का नाम रोशन



**कायथा ।** शासकीय महाविद्यालय कायथा की खिलाड़ी रानी प्रजापति सतना (म.प्र.) में आयोजित राज्य स्तरीय वालीबॉल महिला प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की विक्रम विश्वविद्यालय टीम में प्रतिभागिता कर रही है महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी घनेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि दिनांक 19 नवंबर 2025 को शाजापुर को उज्जैन में आयोजित संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा रानी प्रजापति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, जिसके फलस्वरुप रानी को विश्वविद्यालय टीम में चयनित किया गया। राज्य स्तरीय वालीबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन 10 जनवरी को मध्य प्रदेश के सतना में आयोजित किया जा रहा है,जिसमें महाविद्यालय की छात्रा रानी न सिर्फ महाविद्यालय का बल्कि संपूर्ण कायथा का नाम राज्य स्तर पर रोशन कर रही है । अभिभावकों और कायथावासियों के लिए यह बड़ा ही गर्व का विषय है कि महाविद्यालय के खिलाड़ी राज्य स्तर पर महाविद्यालय, अपने परिवार और कायथा का नाम रोशन कर रहे हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ आभा तिवारी,समस्त प्राध्यापकगण, विद्यार्थियों के अभिभावक और समस्त कायथा वासियों ने हर्ष व्यक्त किया एवं समस्त खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कृषि उपज मंडी के विस्तार को मिली बड़ी सौगात

# किसानों के हित में बड़ा फैसला, राणा के प्रयास से मंडी के लिए 56 बीघा जमीन स्वीकृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर




स्थानीय कृषि उपज मंडी के विस्तार और सुव्यवस्थित संचालन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह के अथक प्रयासों से सुसनेर कृषि उपज मंडी के लिए 56 बीघा भूमि स्वीकृत कर दी गई है। यह भूमि आगर रोड पर भारत गैस गोदाम के समीप स्थित है, जिससे भविष्य में मंडी संचालन और किसानों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा।

पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान उज्जैन मार्ग पर मंडी के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने को लेकर लगातार प्रयास किए थे। लंबे समय से लंबित इस मांग पर आखिरकार शासन ने मुहर लगा दी है। इससे न केवल सुसनेर क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा, बल्कि संपूर्ण कृषि विपणन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

नवीन मंडी के लिए स्वीकृत कुल भूमि 56 बीघा (लगभग 11.807 हेक्टेयर) है। इसमें भूमि सर्वे क्रमांक 2098, 2120 एवं 2125 की विभिन्न रकबाओं को सम्मिलित किया गया है। जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक दिनांक 22 दिसंबर 2025 में इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। मध्यप्रदेश नजूल निर्वर्तन नियम 2020 के अंतर्गत कृषि उपज मंडी समिति को यह भूमि स्थायी पट्टे पर आवंटित की गई है।

आवंटन के तहत मंडी समिति को प्रीमियम राशि 92 लाख 74 हजार 665 रुपये तथा वार्षिक भू-भाटक 4 लाख 72 हजार 280 रुपये निर्धारित किया गया है। संबंधित राशि जमा कर चालान की प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश मंडी सचिव को दिए गए हैं। नजूल विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर स्वीकृति पत्र जारी कर दिया गया है। नई मंडी बनने से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक संगठित, सुव्यवस्थित और आधुनिक स्थल मिलेगा। इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। साथ ही प्रतिदिन बड़ी मात्रा में उपज आने से मंडी चौराहे पर लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी और परिवहन लागत में कमी आएगी।

कुल मिलाकर, पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह के प्रयासों से सुसनेर कृषि उपज मंडी के लिए बड़ी भूमि का आवंटन क्षेत्र के कृषि विकास की दिशा में एक सकारात्मक और दूरगामी कदम माना जा रहा है।

### देवास में वॉशिंग सेंटर संचालक ने खुद पर पेट्रोल डाला

# नगर निगम की अतिक्रमण कार्रवाई का विरोध किया, टीम बिना कार्रवाई लौटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ मुहिम के दौरान गुरुवार को हंगामा हो गया। एबी रोड पर एक वॉशिंग सेंटर संचालक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की धमकी दी, जिसके बाद निगम टीम को बिना कार्रवाई के लौटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, एबी रोड पर वॉशिंग सेंटर चलाने वाले शाकिर शेख ने निगम की कार्रवाई का विरोध करते हुए खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनके प्रतिष्ठान पर कार्रवाई की गई तो वह आत्मदाह कर लेंगे। निगम की टीम मौके पर ओटला हटाने पहुंची थी।

**कर्मचारी लगातार दबाव बनाते हैं**

शाकिर शेख ने आरोप लगाया कि नगर निगम के कर्मचारी उन पर लगातार दबाव बनाते हैं और उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि वह सड़क किनारे अपनी दुकान के सामने काम करते हैं, जबकि आसपास के अन्य अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। शेख ने मांग की कि पहले सभी पर समान कार्रवाई की जाए, उसके बाद ही उन पर कार्रवाई हो।

शेख ने यह भी दावा किया कि उनकी दुकान निजी जगह पर है, जिसे तोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन नेट लगाकर वॉशिंग का काम करते हैं और इसके लिए एक चैंबर भी बना रखा है।

शाकिर शेख ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई एक भाजपा नेता की शिकायत पर की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि उन्हें बिना किसी परेशानी के अपना काम करने दिया जाए।

नगर निगम अधिकारियों ने शाकिर शेख को पेट्रोल छिड़कते देख स्थिति बिगड़ने की आशंका जताई। इसके चलते, वे बिना किसी कार्रवाई के मौके से वापस लौट गए।

## पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण आज

**महिदपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार दिनांक 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के अन्तर्गत 10 जनवरी को विधानसभा क्षेत्र महिदपुर 213 के महाविद्यालयों, हायर सेकेण्डरी स्कूलों एवं अशासकीय शैक्षणिक सस्थानों में विशेष केम्प आयोजित किया जाएगा। आयोग के नियम निदेर्शों के अनुसार मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए अजय हिंगें रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम महिदपुर द्वारा विशेष केम्प के लिए विधानसभा क्षेत्र 213 महिदपुर में 2 शासकीय महाविद्यालयों, 14 शासकीय एवं 11 अशासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा समस्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा एउक ठी३ अस्त्रस्त्र के माध्यम से प्राप्त अवेदनों फार्म-6 को मय घोषणा पत्र आँन लाइन किये जाने हेतु निर्देर्शित किया। समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कोई भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे ।

## जगन्नाथ यात्रा से लौटे अभिभाषक संघ सचिव तोमर का स्वागत

**महिदपुर।** भगवान जगन्नाथ की पावन यात्रा से लौटने के उपरांत अभिभाषक संघ के सचिव शंकर सिंह तोमर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने उनका अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं। स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्री तोमर ने अपनी जगन्नाथ यात्रा के अनुभव साझा किए तथा तीर्थ क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपस्थित लोगों के साथ साझा कीं। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की महिमा और यात्रा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

### बाबा भवॅरनाथ जी मंदिर प्रांगण में ध्वज पूजन के साथ भूमि पूजन किया

# मंदिर प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन 11 जनवरी को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नगर भौरासा में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन आगामी 11 जनवरी को अति प्राचीन स्थित बाबा भॅंवरनाथ जी महाराज मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है जिसको लेकर आयोजन समिति द्वारा विभिन्न स्तर पर तैयारीया की जा रही है। इसी कडी मे आज आयोजन समिति सदस्यों ने नगर में स्थित श्री बाबा भॅंवरनाथ महाराज मंदिर पर पहुंचकर बाबा भॅंवरनाथ जी महाराज व भगवान मनकामेश्वर जी की पूजा अर्चना कर ध्वज पुजन किया गया एव हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम के लिए बाबा को आमंत्रित किया गया समिति सदस्यों ने बाबा भवॅरनाथ जी महाराज को आमंत्रण पत्र चढ़कर न्योता देते हुए कार्यक्रम के लिए नगर में आमंत्रण पत्र बांटने का काम शुरू किया गया जहा हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में हर हिंदू परिवार के सभी सदस्यों की सहभागिता हो इसके लिए कार्यकर्ता हर घर-घर पहुंच कर आमंत्रण पत्र दे रहे हैं व कार्यकर्ताओं द्वारा टोली बना, बना कर मोहल्ले में पहुंचकर संपर्क भी किया जा रहा है।

## युवक का शव मिला: परिजनों ने हत्या की आशंका जताई

**देवास।** नौसराबाद बाईपास पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अर्जुन नगर निवासी 42 वर्षीय राकेश मालवीय, पिता देवीसिंह मालवीय के रूप में हुई है। मामले की जांच सिविल लाइन पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार, राकेश का शव बीती रात नौसराबाद पशु हाट के पास मिला। बताया गया है कि राकेश रात को खाना खाने के बाद घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने राकेश की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि राकेश के गले पर गहरा निशान है, जिससे लगता है कि उसका गला रेता गया है। परिजनों के मुताबिक, शरीर पर किसी अन्य तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। राकेश सिलावटी का काम करते थे और उनके तीन बच्चे हैं। रात करीब दो बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो सकेगी। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

## विराट हिंदू सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ

**मक्सी।** रविवार को झंडा चौक मक्सी में विराट हिंदू सम्मेलन शिवाजी बस्ती क्रमांक 2 के निमित्त श्री खेड़ापति सरकार हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा कार्यालय का शुभारंभ भारत माता की आरती के साथ संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित थीं। कार्यक्रम 23 जनवरी 2026 समय 8:30 बजे से स्थानीय श्रीराम मैरिज गार्डन कालाभाटा मक्सी में आयोजित होगा, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे।

## युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुई निबंध और भाषण प्रतियोगिता

**सुसनेर।** नगर के स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में प्राचार्य डॉ जी सी गुप्ता के निर्देशन में महाविद्यालय में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेडक्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन एवं उनके विचार विषय पर मंगलवार 6 जनवरी 2026 को निबंध प्रतियोगिता एवं बुधवार 07 जनवरी 2026 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काशवी खान, द्वितीय स्थान शैतीन सिंह एवं तृतीय स्थान रामकरण सोंधिया ने प्राप्त किया । वहीं भाषण प्रतियोगिता में शिवम पाटीदार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ आदिश कुमार जैन, श्रद्धा पांडे, डॉ रेखा चंद्रपाल, बद्रीलाल डाबी, एवं सागर भारती सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन काशीराम प्रजापति ने किया एवं आभार सहायक प्राध्यापक लविश जैन ने माना।

## उत्कृष्ट स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षा फार्म 16 जनवरी तक

**गुना।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट एवम मॉडल स्कूल की 9वीं कक्षा में एडमिशन की परीक्षा के लिए फॉर्म भरना शुरू हो गए हैं। परीक्षा 8 फरवरी को होगी। जिसके फॉर्म एमपी ऑनलाइन पर 16 जनवरी तक भरे जाएँगे। जिसकी परीक्षा शुल्क 200 रुपए है। एक्सीलेंस स्कूल में प्रवेश के लिए वह बच्चे पात्र होंगे जो अभी 8वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं। उत्कृष्ट स्कूल में प्रवेश के इच्छुक बच्चे आवेदन कर सकते हैं।

## 14 जनवरी को गो अभयारण्य में संतों की उपस्थिति में गो महिमा सत्संग

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्थापित एवं श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा द्वारा संचालित विश्व के प्रथम गो अभयारण्य श्री कामधेनु गो अभयारण्य सालरिया में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आगामी 14 जनवरी 2026 को गो महिमा सत्संग एवं गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत आगर मालवा जिले के गो प्रेमियों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी।कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर 31 वर्षीय गो पर्यावरण एवं अध्यात्म चेतना पदयात्रा के प्रणेता ग्वाल संत पूज्य स्वामी गोपालानंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से गो महिमा सत्संग होगा

# कृषि यंत्रों के लिए ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर 15 तक किसान कर सकते है आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

किसानों को फसल कटाई में होने वाली मेहनत, समय और लागत को कम करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना के तहत ट्रैक्टर चलित और स्वचालित रीपर कम बाइंडर पर आकर्षक सब्सिडी दी जा रही है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इस योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक किसान योजना के तहत 15 जनवरी तक आवेदन करके रीपर कम बाइंडर पर सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसकी जानकारी देते हुए सारंगपुर एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि किसान आवेदक फार्मर डाट एमपीडीएजीई डाट ओआरसी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और अनुदान का लाभ उठा सकते है। उन्होंने योजना के तहत रीपर कम बाइंडर पर कितना अनुदान मिलेगा और इसके लिए कैसे आवेदन करना होगा, इसकी पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। श्रीराजपूत ने बताया कि ट्रैक्टर चलित रीपर कम बाइंडर को ट्रैक्टर से जोड़कर चलाया जाता है जबकि स्वचालित रीपर कम बाइंडर बैटरी संचालित होता है। यह दोनों ही मशीन किसानों के लिए फसल कटाई के लिए काफी उपयोगी है। इन दोनों ही यंत्रों का इस्तेमाल करके गेहूं सहित अन्य फसलों की कटाई आसानी से की जा सकती है।

# ठंड में गौवंश की मृत्यु के बाद पोलिथीन पर लगाया प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-

राजगढ़ जिले के संकटमोचन स्थित जालपा गोशाला में अत्यधिक ठंड के कारण हुई गौवंश की मृत्यु की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गई। गत दिनों नगर पालिका की स्वच्छता एवं वाहन अमले की उपस्थिति में मृत गौवंश को गड्ढा खुदवाकर सम्मान पूर्वक दफनाया गया। जबकि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची ने आरोप लगाया कि गौशाला संचालक की लापरवाही से मृत गौवंशों को खुले ट्रेंचिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया जिसे आवारा कुत्तों ने नोच डाला। प्रशासनिक अधिकारियों की जमकर लताड़ लगाने के बाद जिला प्रशासन ने भविष्य में गोवंश की किसी भी कारण से मृत्यु न हो, इस उद्देश्य से कलेक्टोरेट कार्यालय में गोसेवकों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजगढ़ शहर में पोलिथीन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत नगर पालिका द्वारा तत्काल मुनादी कराई जाकर 7 जनवरी 2026 से चालानी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। बुधवार को प्रातः पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रवीन दीक्षित एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से गोशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधार करने तथा गोवंश को ठंड से बचाने के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश गोशाला संचालक को दिए गए। पोलिथीन प्रतिबंध अभियान के अंतर्गत नगर में 52 किलो पोलिथीन जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई।

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**
**विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010**
**सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद् सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की नानाखेड़ा वेद नगर आवासीय योजना के अंतर्गत भवन/भूखण्ड क्र. ए-15/25जी ईडब्ल्यूएस श्री अशोक राव सावरकर पिता स्व श्री सदाशिव सावरकर एवं श्रीमती आशा सावरकर पति श्री अशोक राव सावरकर निवासीगण ए-15/25जी, वेदनगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र) के नाम पर दर्ज है।

आवंटी/मु.आ के द्वारा उक्त सम्पति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का अंतरण श्री गौरव जायसवाल पिता स्व श्री राजेश जायसवाल निवासी- 15/25एफ, ईडब्ल्यूएस वेदनगर, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः आवंटी / मु.आ. द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक/ वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सोदा किया गया हो या रहन/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त सम्पत्ति विकय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विक्रय/अंतरण अनुमति दी जाने की कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

In The Court Of Additional District And Session JudgeAdditional Motor Accident Claims Tribunal, Badnawar Court District Dhar
Presiding Officer: **श्री गुलाब चन्द्र मिश्रा**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(MACC/0000039/2025)

**श्रीमती स्वाति बैन -------- वादी**
Vs
**जुनेद खाँ --------- प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांक: 19/02/2026**

**प्रेषिती-**
**(1) राहुल पिता कृष्णकांत कोशल मोण 8770683853 पता-निवासी सैफी हॉस्पिटल के पास हनुमान मंदिर डाबरी चौक बडनगर जिला उज्जैन मप्र**

यह कि प्रार्थी श्रीमति स्वाति बैन पति स्व. संदीप कुमार सुथार आयु 37 वर्ष निवासी A/4 रामेश्वर पार्क नवरंग सोसायटी के पास मोगरी तह व जिला आणंद राज्य गुजरात ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अन्तर्गत आदेश 5 नियम 20 सपठित धारा 151 सी.पी.सी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तोरीख 08 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(गुलाब चन्द्र मिश्रा)**
**सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**बदनावर, जिला धार (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



## युवा किसान जागरूक नहीं हुए तो वे मजदूर बनकर रह जायेंगे- बोस

**जगोटी।** समीपस्थ ग्राम महूडीपुरा में श्मशान घाट पर पांच लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लाक के भूमिपूजन कार्यक्रम में आए विधायक दिनेश जैन बोस ने गांव में नुक्कड़ सभा में उपस्थित युवाओं व किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की गलत नीतियों व बड़े औद्योगिक घरानों को फायदा पहुंचाने को लेकर आने वाले समय में कृषकों की कृषि भूमि औधौगिक घरानों के पास होगी व किसान मजदूर होकर रह जाएगा, प्रदेश में जिस रफ्तार से कृषि भूमि की खरीद बिक्री हो रही है इसमें अधिकांश जगहों पर काले धन का उपयोग किया गया है, ऐसे में किसानों को बेटों को चाहिए कि वे जागरूक होकर इस विषम परिस्थितियों का सामना कर अपनी खेती को सुरक्षित रखें। महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश बगाना, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी,कांग्रेस नेता अनंत शर्मा, मुकेश शर्मा पिप्लया हर्जी, व ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने किसानों की गंभीर स्थिति व समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर विधानसभा में संघर्ष करने के लिए विधायक दिनेश जैन बोस को धन्यवाद ज्ञापित किया। अतिथियों का पुष्पहारों व साफा पहनाकर स्वागत सरपंच प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, टीकमसिंह राजपूत, ईश्वर लाल शर्मा, रजनीश तिवारी, महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया, भंवर सिंह राजपूत, अमृतलाल पटेल, रामचंद्र मालवीय, महेश पांचाल, कुंदन शर्मा व ग्रामीणों ने किया। संचालन पंचायत सचिव बाबूलाल परमार व आभार रोजगार सहायक कोमलसिंह आंजना ने व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत नशा मुक्ति दीवार लेखन



**सुसनेर।** बुधवार को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 5 स्थित जुनी कचहरी क्षेत्र में दीवार लेखन किया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक समन्वयक सत्यनारायण सोनी के नेतृत्व में किया गया। दीवार लेखन के माध्यम से जन-जन का एक ही नारा, नशा मुक्ति हो प्रदेश हमारा जैसे नारों को उकेरते हुए आम नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। छात्रों ने संदेश दिया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में परामर्शदाता प्रांशी पांडे, कमलकांत मोदी, भेरू सिंह आर्य, प्रतीक भुतड़ा, रवि चौहान, अर्पिता शर्मा, ज्योति माली, निधि पांडे, मनीषा प्रजापत, दीपाली उपाध्याय, मनीषा एवं अर्चिता बगड़ावत सहित सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गोस्वामी, वाहिद कुरेशी आदि उपस्थित रहे। सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

## भाजपा का कार्यकर्ता भारत माता के वैभव के लिए करता है कार्य– लता वानखेड़े



**सुसनेर।** भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन जामुनिया रोड स्थित राजबाग गार्डन में किया गया। बैठक में सुसनेर विधानसभा क्षेत्र से आए सैकड़ों कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संभाग प्रभारी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता भारत माता के वैभव, राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के भाव से कार्य करता है। यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने आगर जिले में संगठनात्मक गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में संगठन सशक्त और अनुशासित रूप से कार्य कर रहा है। हाल ही में आयोजित मन की बात कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने पर जिला अध्यक्ष ओम मालवीय सहित समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई एवं धन्यवाद दिया। साथ ही आगामी संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों को पार्टी की रीति-नीति, मयार्दा एवं अनुशासन के साथ संपन्न करने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ओम मालवीय एवं जिला प्रभारी बहादुर सिंह मुकाती ने संगठन की मजबूती, आगामी कार्ययोजनाओं एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। इस दौरान संभाग प्रभारी लता वानखेड़े ने सुसनेर विधानसभा के विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों से मंडल स्तर पर किए गए संगठनात्मक कार्यों की जानकारी भी ली। इसमें सुसनेर मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, सोयत से अमित नागर, मोड़ी से बजरंग पाटीदार, नलखेड़ा से रोहित सकलेचा, धरौला से भंवर सिंह, बड़गांव से दरबार सिंह एवं मोहना से अरविंद आर्य शामिल रहे। मंचासीन अतिथियों में बबीता परमार, दिलीप सकलेचा, अशोक लोढ़ा, बद्रीलाल सोनी, राणा विक्रम सिंह, मयंक राजपूत उपस्थित रहे।

## ठाकुर करण सिंह चौहान का निधन

**कानड़।** आर्य समाज के प्रचारक, समाज सेवी स्वर्गीय शिव सिंह आर्य के छोटे भाई करण सिंह चौहान (शाजापुर) का इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार को निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके गृह नगर स्वनिवास सोंधीया सेरी कानड़ से मुक्ति धाम के लिए निकली गई। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



# फर्जी शिकायत और पंचनामे के दम पर छीनी नौकरी, सेल्समैन फर्जीवाड़े की फाइल दबा रहे अधिकारी

### संभागीय आयुक्त के 7 दिन के अल्टीमेटम का असर नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

फर्जी शिकायत एवं फर्जी पंचनामा तैयार कर एक सेल्समेंन को हटाकर दूसरे व्यक्ति को नोकरी पर रखकर सेलरी दिए जाने का मामला विकासखंड के शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम देहरिया में सामने आया है। सबसे बडी चौकाने वाली बात यह है कि संबंधित को हटाने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत देहरिया के सरपंच एवं सचिव के द्वारा तैयार किया गया।



इस सारे प्रकरण का खुलासा अप्रेल 2025 में जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में दिए गए आवेदन के बाद हुई जांच में सामने आया है। अब पीडित ने संभागीय आयुक्त सहकारिता को इस संबंध में शिकायत की जिसके बाद 19 दिसंबर 2025 को संभाग आयुक्त सहकारिता ने उपायुक्त जिला आगर मालवा को पत्र भेजकर 7 दिवस में जांच करने का आदेश दिया किंतु अब अधिकारी मामले को दबाने में जुटे है। जबकि राशन दुकान से सेल्समेंन को हटाने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास है ही नही। पीडित करणलाल पिता रामा, जाति बागरी, निवासी मेना के द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि षड्यंत्रपूर्वक तैयार किए गए पंचनामा के आधार पर उन्हें सेल्समैन के पद से हटा दिया गया, जबकि उन्होंने अपने कार्यकाल में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं की है। आवेदन में बताया गया है कि शिकायतकताओं ने जो पंचानामा तैयार किया गया है वह 10-09-2021 को तैयार किया गया है एवं ठहराव 01-12-2021 को जिसमें संस्था प्रंबधक के फर्जी हस्ताक्षर है। इसके पहले दिनांक 30-10-2021 को केवल एक रजीस्टर पर लिखे नाम को काटा गया जो कि पूर्णत गलत है। मेरे द्वारा जांच की सत्यप्रतिलिपी ली गई तो मुझे इसकी जानकारी लगी। दिनांक 27-09-2021 को गोदाम में आए माल का वितरण दिनांक 07-10-2021 से लेकर 30-10-2021 तक मेरे द्वारा वितरित किया गया। जबकि मुझें हटाने का पंचनामा 10-09-2021 को तैयार कर लिया गया। मामलें में यह बात भी सामने आ रही है कि संबंधित सेल्समेन से नौकरी से हटाने के बाद एक अन्य व्यक्ति को सेल्समेन की नोकरी पर पदस्थ कर लिया गया। साथ ही पीडित को करीब डेढ साल तक काम लिया जाकर उसे सेलरी भी नहीं दी गई। इसके बाद पीडित नेताओं से इस मामले की शिकातय करता रहा किंतु कोई सुनवाई नहीं होने पर अप्रेल 2025 में जिला कलेक्टर आगर को इस संबंध में लिखित शिकायत की गई किंतु 3 माह तक जिला कलेक्टर को भी मामले से जुडे कागजात उपलब्ध नहीं करवाए गए। बाद में दस्तावेज उपलब्ध करवाने के बाद पूरे मामलें का खुलासा हुआ। पीडित सेल्समेंन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा उन्हें पुनः सेल्समैन के पद पर बहाल किए जाने की मांग की है।

**आयुक्त सहकारिता ने दिए जांच के आदेश**

जिला कलेक्टर 17-12-2025 को आयुक्त सहकारिता उज्जैन को करणलाल के द्वारा शिकायती आवेदन दिए जाने के बाद आयुक्त सहकारिता ने दिनांक 19-12-2025 को पत्र क्रमांक शिकायत-2025-1367 के माध्यम से उपायुक्त सहकारिता आगर को 7 दिवस में जांच के आदेश दिए है। किंतु मामलें में अभी तक अधिकारी कागज ही नहीं जुटा सके है।

## अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित अधिकारी कर्मचारी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

### पहले दिन अभिभाषक संघ, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग एवं अभिभाषक संघ (बी) की टीम विजयी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

अभिभाषक संघ बड़नगर द्वारा आयोजित चार दिवसीय अधिकारी कर्मचारी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय अमला रोड पर किया गया।

पहले दिन चार मुकाबले हुए जिसमें अभिभाषक संघ, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग एवं अभिभाषक संघ (बी) की टीमें विजय हुई।



प्रतियोगिता की शुरूआत अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पाराशर, पुलिस एसडीओपी महेंद्रसिंह परमार, भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिला महामंत्री श्याम शर्मा, नगर अध्यक्ष नवीन राठौर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित पाटोदी, वरिष्ठ अभिभाषक कैलाश वाघेला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुयश श्रीवास्तव, प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. नरेंद्रसिंह राजावत, महाविद्यालय प्राचार्य सुनील उदीवाल, प्रेमचंद द्वितीय, बालाजी फाइनेंस के गौरव जैन उपस्थित थे। सभी का स्वागत संस्था अध्यक्ष हेमंत माथुर, अभिभाषक संघ अध्यक्ष करण राठौड़, पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष जयेश आचार्य द्वारा किया गया।

**विजेता टीमों को यह पुरुस्कार मिलेगा**

प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 11 हजार 111 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह एड. कैलाशचंद वाघेला, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार 777 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह ग्राम बंगरेड सचिव लखन यादव ,तृतीय पुरस्कार 5 हजार 555 व प्रतीक चिन्ह एड. एमएल. यादव एवं चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार 555 व प्रतीक चिन्ह पार्षद विजयंत गोसर द्वारा तथा प्रत्येक मैच में मेन ऑफ द मैच अचल टोंग्या की अरबसे 501 रुपए, बेस्ट बॉलर ऑफ टूनार्मेंट में 1100 रुपए एड. शिवराज पंड्या तथा सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी को 1100 रुपए एड. तरुण गिरी की और से पुरस्कृत किया जाएगा।

## चीनी नायलॉन मांजा के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध

**ब्यावरा-राजगढ़।** उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, इंदौर खंडपीठ द्वारा पारित आदेश के पालन में तथा मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी 2026 को दृष्टिगत रखते हुए, राजगढ़ पुलिस आमजन को सूचित एवं सतर्क करती है कि न्यायालय के आदेशानुसार चीनी नायलॉन मांजा का निर्माण, विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। चीनी नायलॉन मांजा दोपहिया वाहन चालकों, पैदल यात्रियों एवं पक्षियों के लिए अत्यंत घातक है इससे गंभीर चोट, गला कटने एवं मृत्यु तक का कारण बन चुका है चीनी नायलॉन मांजा के विक्रय, भंडारण, परिवहन, उपयोग में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक दंडात्मक कार्रवाई करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की जाएगी। किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। राजगढ़ जिले में लगातार बाजार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, दुकानों, गोदामों एवं संदिग्ध स्थलों पर छापामार कार्रवाई की जा रही वही प्रतिबंधित मांजा पाए जाने पर तत्काल जप्ती एवं वैधानिक कार्यवाही जाएगी, सुरक्षित एवं वैध सूती धागे का ही उपयोग करें। प्रतिबंधित मांजा बेचने या उपयोग करने वालों की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस आमजन से सहयोग की अपेक्षा करती है, ताकि दुर्घटनाओं व जनहानि को रोका जा सके और पर्व सुरक्षित रूप से मनाया जा सके।

## विवेकानंद संदेश यात्रा में शामिल होंगे समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राएं

**सुसनेर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुसनेर द्वारा 12 जनवरी को विवेकानंद संदेश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए परिषद की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य उमा ठाकुर ने बताया कि यात्रा में नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे रेस्ट हाउस से किया जाएगा। यात्रा डाक बंगला, बस स्टैंड चौराहा, पांच पुलिया, पुराना बस स्टैंड, हाथी दरवाजा एवं शुक्रवारिया बाजार होते हुए श्रीराम मंदिर धर्मशाला पहुंचेगी। वहां स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित कर यात्रा का समापन किया जाएगा। विवेकानंद संदेश यात्रा का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण की भावना जागृत करना है। कार्यक्रम में परिषद के कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी व नगरवासी शामिल रहेंगे।

### श्री शिव पुराण कथा का छठवां दिवस

## श्री शिव पुराण कथा का कोई एक शब्द भी मन में कुरेदोगे तो जीवन का उद्धार हो जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



तहसील के ग्राम खरसोद खुर्द में चल रही श्री शिव पुराण कथा के छठवें दिवस व्यास पीठ पर विराजमान श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी वर्षा नागर ने कहा कि शिव पुराण की कथा सुनकर कुछ ग्रहण करो, कथा का कोई एक शब्द भी मन मे कुरेदोगे तो जीवन का उद्धार हो जाएगा। मानव शरीर सुख के उपभोग के लिए नहीं मिला है मानव शरीर तो भजन करके भगवान को प्राप्त करने के लिए ही मिला है। स्मरण रहे उपरोक्त कथा स्वर्गीय शंकरलाल पाटीदार की स्मृति में उनके पुत्र प्रमुख यजमान बगदीराम पाटीदार के द्वारा आयोजित की गई है। जो 3 जनवरी से प्रारंभ होकर 9 जनवरी तक आयोजित की गई। महामंडलेश्वर साध्वी वर्षा नागर का सम्मान गीता न्यास समिति के अध्यक्ष हरिकिशन मेलवानी व ट्रस्टी गण विनोद मकवाना, सुभाष गुप्ते, सुरेश व्यास, उमाशंकर मेहता, डॉक्टर जी एल ददरवाल, चन्दप्रकाश नागर, सेवादार रमेशचंद्र, राजेंद्र कौशल, प्रेमनारायण पोरवाल, डॉ. मोडीराम

### पंडित पारीक बोले: मकर संक्रांति वह दिव्य अवसर है, जब सूर्यदेव धनु राशि से मकर राशि में करते हैं प्रवेश

# 15 जनवरी को मनाया जाएगा मकर संक्रांति पर्व

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

जब शीत ऋतु की सिहरन अपने अंतिम चरण में होती है और प्रकृति नवजीवन का संकेत देने लगती है, तभी भारतीय संस्कृति के आकाश में मकर संक्रांति का पुण्य प्रभात उदित होता है। इस वर्ष 14 जनवरी बुधवार को दोपहर लगभग 03 बजकर 13 मिनट पर सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करेगे। इस खगोलीय परिवर्तन के साथ ही उत्तरायण काल शुरू होता है, जिसे धार्मिक मान्यताओं में देवोदय यानी देवताओं का दिन कहा गया है और मकर संक्रांति पर्व का शुभ अवसर माना जाता है। खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित पवन पारीक ने बताया कि 14 जनवरी को मध्याह्न पश्चात सूर्य मकर राशि में प्रवेश करने से इस पावन पर्व पर नदियों, सरोवरों और तीर्थों में स्नान,दान, और साधना का यह महापर्व दूसरे दिन यानी 15 जनवरी को प्रातःकाल से ही श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा। यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि काल-चक्र के परिवर्तन और आध्यात्मिक चेतना के जागरण का प्रतीक है।



मकर संक्रांति वह दिव्य अवसर है, जब सूर्यदेव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उत्तरायण गमन आरंभ होता है। भारतीय दर्शन में उत्तरायण को देवताओं का मार्ग कहा गया है-यह प्रकाश, सकारात्मकता और उर्ध्वगामी चेतना का संकेतक है। मान्यता है कि इस दिन किए गए तीर्थ स्नान, पुण्य कर्म, दान और जप का फल अक्षय होता है।

**लोक परंपराओं में उत्सव की छटा**

मकर संक्रांति भारत के विविध प्रांतों में भिन्ना-भिन्ना नामों और रंगों के साथ मनाई जाती है। कहीं यह पोंगल बनकर अन्ना-समृद्धि का उत्सव रचती है, तो कहीं उत्तरायण के रूप में आकाश को रंगीन पतंगों से सजा देती है। लोहडी की अग्नि में लोकगीतों की गूंज सुनाई देती है, तो खिचडी पर्व के रूप में दान और सेवा की भावना प्रकट होती है। मकर संक्रांति का सबसे कोमल और मधुर प्रतीक है तिल और गुड शीत ऋतु में शरीर को ऊष्मा देने वाले ये पदार्थ सामाजिक जीवन में भी मिठास घोलते हैं। तिल-गुड खाइए और मीठा बोलिए की परंपरा केवल कहावत नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का जीवन-दर्शन है, जो कटुता को त्यागकर मधुरता को अपनाने की प्रेरणा देता है।

**आधुनिक समय में मकर संक्रांति का संदेश**

तेज गति और तकनीकी युग में भी मकर संक्रांति हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने का पाठ पढाती है। ऋतु-परिवर्तन, कृषि चक्र और सूर्य की गति से जुडा यह पर्व हमें बताता है कि जीवन की सार्थकता प्रकृति, परंपरा और परोपकार के संतुलन में निहित है।

## रुणजी की बेटी पायल सोलंकी बनीं भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट

**बिछड़ौद।** नगर के समीप ग्राम रुणजी निवासी पायल कंवर सोलंकी ने भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पायल कंवर सोलंकी, पिता मोहन सिंह सोलंकी पूर्व में अग्निवीर के रूप में चयनित रह चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल है। पायल एक साधारण कृषक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता मोहन सिंह सोलंकी किसान हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी बेटी की पढ़ाई और देश सेवा के सपने को पूरा करने में कोई कमी नहीं आने दी। पायल दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी हैं और बचपन से ही अनुशासन व राष्ट्रसेवा की भावना उनमें दिखाई देती रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पायल की सफलता से गांव की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिली है। घर पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है, वहीं रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। पायल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में गर्व का वातावरण है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु कायथा में कैंप का आयोजन



**कायथा।** वराह मिहिर की नगरी कायथा हायर सेकंडरी विद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय में अनुविभागीय अधिकारी तराना के आदेश अनुसार 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि पर पात्र युवक को मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु 9 जनवरी को विशेष कैंप का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय से 22 तथा हायर सेकंडरी विद्यालय से 25 युवक पात्र पाए गए कैंप में विशेष रूप से तराना नायब तहसीलदार टीना मालवी, पटवारी हरीश पारीया, कॉलेज प्राचार्य श्रीमती तिवारी संकुल प्राचार्य प्रकाश पंवार के साथ प्रशांत बैरागी सचिव गणपत सिंह आंजना विद्यालय के शिक्षक जगदीश चंद्र परमार, प्रहलाद सिंह गरवाल,अजय कुमार श्रीवास्तव,सहायक सचिव हेमंत वर्मा तथा बीएलओ के रूप में कमल कुमार खरवर विक्रम सिंह कोरट,ओमप्रकाश पवार,राकेश वर्मा,जयंत अग्रवाल आदि उपस्थित थे

## खेलो मध्यप्रदेश यूथ गेम्स का आयोजन



**महिदपुर।** मध्यप्रदेश शासन ओर खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के तत्वाधान में युवाओं में खेल रुचि बढ़ाने और खेल प्रतिभाओं को निहारने के उद्देश से खेलो मध्यप्रदेश यूथ गेम्स का आयोजन ब्लाक , जिला, संभाग, और राज्य स्तर पर किया जाना हे जिसके अंतर्गत महिदपुर विकासखंड में ब्लॉक स्तर पर चयन ट्रायल का आयोजन 10 से 15 जनवरी 2026 के मध्य ब्लाक महिदपुर में किया जाना है। जिसमें अलग अलग खेलो के लिए अलग अलग उम्र का प्रावधान रखा गया है एथलेटिक्स उम्र 18 वर्ष, कबड्डी उम्र 20 वर्ष, बैडमिंटन उम्र 19 वर्ष, चेस उम्र 19, कुश्ती उम्र 20, बास्केटबॉल उम्र 17 वर्ष, फुटबॉल उम्र 19 वर्ष, वॉलीबॉल उम्र 20 वर्ष , क्रिकेट लैदर बॉल उम्र 19 वर्ष, पिट्ठू उम्र 14-19 वर्ष, रस्साकसी उम्र 18 वर्ष, तैराकी उम्र 13-17 वर्ष, टेबल टेनिस उम्र 18 वर्ष, वेटलिफ्टिंग उम्र 13-20 वर्ष, खो खो उम्र 18 वर्ष रहेगी और इन खेलो का आयोजन ब्लाक स्तर चयन ट्रायल के रूप में किया जाएगा तथा 06 खेल त्वाईकवंडो, रोइंग, कयाकिंग, केनोइंग, शूटिंग, एवम आर्चरी खेल का आयोजन सीधा राज्यस्तर पर किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ब्लाक समन्वयक रागिनी टांक ने बताया कि खिलाड़ी को अपने साथ जन्मप्रमाण पत्र, 10वी मार्कशीट, आधारकार्ड, ओर मूल फोटो बैंक पासबुक की प्रति साथ में लाना लाना अनिवार्य होगा।

## भगवतीदेवी भावसार का निधन

**सुसनेर।** बुधवार को नगर परिषद सुसनेर के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपक भावसार की माताजी भगवतीदेवी भावसार का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके नगर के इतवारीया बाजार में स्थित स्व निवास से शाम 5 बजे प्रारंभ हुई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, परिजन, ग्रामीणजन एवं नगरवासी शामिल हुए। अंतिम यात्रा स्थानीय श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के समीप कण्ठाल नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां पर शोकसभा का आयोजन हुआ। शोकसभा को मार्केटिंग अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह कांवल, पूर्व पार्षद फकीरमोहम्मद खान, विधानसभा कांग्रेस संगठन मंत्री आशिकुसेन बोहरा, समाजसेवी भेरूलाल सोनी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, भाजपा नेता गिरजाशंकर राठौर आदि ने संबोधित करते हुए अपने संबोधन में उनको विन्रम, मिलनसार, धार्मिक प्रवृत्ति की महिला बताकर उनको याद किया। मुखाग्नि उनके पुत्र दीपक भावसार ने दी।



19 मार्च को रणवीर सिंह और 'टॉक्सिक' फेम यश के बीच जबरदस्त टक्कर सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी। लेकिन इससे पहले ही इन दोनों के फैंस आपस में सोशल मीडिया पर भिड़ चुके हैं।

## फैंस ने दिए अलग-अलग रिएक्शन

# 'धुरंधर 2' इसे कच्चा खा जाएगी...', 'टॉक्सिक', वो तूफान जो राज करेगा...'

गुरुवार को साउथ सुपरस्टार यश का फर्स्ट लुक फिल्म 'टॉक्सिक' से सामने आया। एक्टर का अंदाज देखकर उनके फैंस एक्साइटेड नजर आए। वहीं सोशल मीडिया पर रणवीर सिंह और यश के फैंस आपस में भिड़ गए। दरअसल, 19 मार्च को रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' रिलीज होगी, वहीं इस दिन यश की 'टॉक्सिक' भी सिनेमाघरों में आएगी। कौन बॉक्स ऑफिस का किंग बनेगा, यह तो फिल्म रिलीज के बाद पता चलेगा। लेकिन इससे पहले ही रणवीर और यश के फैंस एक-दूसरे के पसंदीदा एक्टर, उनकी फिल्मों पर निशाना साध रहे हैं। जानिए, क्या हैं फैंस के रिएक्शन?

### 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' पर फैंस ने दिए अलग-अलग रिएक्शन

यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में उनका लुक, एक्शन देखकर फैंस दीवाने हो चुके हैं। लेकिन वहीं कुछ यूजर्स का कहना है कि 'टॉक्सिक' सिनेमाघरों में 'धुरंधर' का मुकाबला नहीं कर पाएगी। एक यूजर ने लिखा, 'टॉक्सिक के पास धुरंधर के सामने टिकने का कोई चांस नहीं है। 'धुरंधर 2' इसे कच्चा खा जाएगी। डर जाओ।' कोई 'धुरंधर 2' का दीवाना नजर आया तो किसी यूजर ने 'टॉक्सिक' को बॉक्स ऑफिस का किंग बता दिया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'टॉक्सिक, वो तूफान जो राज करेगा। यश का किलर लुक, बेरहम अंदाज बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' को खा जाएगा। 'टॉक्सिक' मुकाबला करने नहीं आ रही, यह राज करने आ रही है। यश ट्रेंड्स को फॉलो नहीं करते, वह खुद एक स्टैंडर्ड सेट करते हैं।'

### 'धुरंधर' को पोस्टपोन करने की बात कही

कुछ फैंस तो मानकर चल रहे हैं कि 'टॉक्सिक' और यश ही फिल्म 'धुरंधर 2' को टक्कर दे सकते हैं। एक फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यश की फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर क्रेज अलग ही लेवल पर है। यह 'धुरंधर 2' को टक्कर देने और हराने के लिए काफी मजबूत फिल्म है। 'केजीएफ' के तूफान के बाद यश उसी दीवानगी को फिर से लाने के लिए तैयार हैं। उनकी फिल्म 'टॉक्सिक' के बज और यश की जबरदस्त फैन फॉलोइंग को देखते हुए, धुरंधर 2 जरूर पोस्टपोन होगी। क्योंकि यश के साथ मुकाबला करना कभी आसान नहीं होता।' इस बात से कई फैंस सहमत नजर आए।






### 'टॉक्सिक' में यश का किलर लुक देखकर फैंस हुए फिदा

कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से उनका पहला लुक सामने आ चुका है। साथ ही वह फिल्म में कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस बात से भी पर्दा उठ चुका है। मेकर्स ने गुरुवार को फिल्म 'टॉक्सिक' से उनका लुक शेयर किया है। यश के जन्मदिन पर फैंस को खास तोहफा दिया। यश का लुक देखकर फैंस भी काफी एक्साइटेड दिखे। सोशल मीडिया पर 'टॉक्सिक' को लेकर यश के फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए हैं।

### फैंस ने 'टॉक्सिक' को कहा बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर

गुरुवार को फैंस ने जब 'टॉक्सिक' में यश का किलर लुक देखा तो वह दीवाने हो गए। एक यूजर ने लिखा, 'अब सारे रिकॉर्ड ब्रेक होंगे।' एक अन्य यूजर ने भी कमेंट सेक्शन में लिखा, 'बॉक्स ऑफिस का असली धुरंधर, रॉकिंग स्टार।' इसी तरह एक अन्य फैन ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'यश मैदान में उतर चुका है।' वहीं कई फैंस ने यश को जन्मदिन पर खूब सारी शुभकामनाएं दी हैं। फिल्म 'टॉक्सिक' में उनके लुक, स्टाइल, एक्शन को खूब सराहा है।

### टॉक्सिक में नजर आएंगी कई एक्ट्रेसेस

यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में हीरोइन की लाइन लगी है। इस फिल्म में कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, नयनतारा और तारा सुतारिया जैसी चर्चित एक्ट्रेस नजर आएंगी। इन सभी के लुक भी मेकर्स ने पहले ही शेयर कर दिए हैं। सभी एक्ट्रेस भी बोल्ड और एक्शन अंदाज में नजर आईं।

# शोभिता की 'चीकाटिलो' का पोस्टर जारी, सच्ची घटना पर है आधारित



'द नाइट मैनेजर' जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम 'चीकाटिलो' है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। जानिए कब और कहां रिलीज होगी फिल्म...

### एक पॉडकास्टर की कहानी है फिल्म

'चीकाटिलो' प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी 'चीकाटीलो' एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### शरण कोपिशेट्टी ने किया है निर्देशन

शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित 'चीकाटिलो' को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## शत्रुघ्न सिन्हा ने रीना रॉय को किया बर्थ डे विश

80 के दशक की चर्चित अदाकारा रीना रॉय ने कल अपना 69वां जन्मदिन मनाया। बुधवार को शत्रुघ्न सिन्हा ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। यह पोस्ट देखकर फैंस हैरान रह गए। यूजर्स ने भी इस दिग्गज अभिनेता की पोस्ट पर रिएक्शन दिए। आखिर, यह पोस्ट देखकर फैंस को हैरानी क्यों हुई? जानिए।



**शत्रुघ्न सिन्हा ने रीना रॉय को कहा करीबी दोस्त:** शत्रुघ्न सिन्हा ने बुधवार को एक पोस्ट एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर की, इसमें रीना रॉय को अपना प्यारा दोस्त कहा। वह लिखते हैं, ह्यएक बहुत प्यारी दोस्त, अब तक की सबसे अच्छी एक्ट्रेस में से एक, हमेशा चार्मिंग स्टार, एक बेहतरीन इंसान, कुल मिलाकर शानदार पर्सनालिटी रीना रॉय को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। आप हमेशा खूब खुश रहें।

# Sport

गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच शुक्रवार को मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के जीत के साथ सत्र की शुरूआत करना चाहेंगी। आइए जानते कि आप ये मुकाबला कब और कहां देख सकेंगे।

# डब्ल्यूपीएलः मुंबई इंडियंस का सामना आरसीबी से होगा, हरमनप्रीत-मंधाना होंगी आमने-सामने



**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की शुरूआत शुक्रवार से हो रही है। टूर्नामेंट के पहले मैच में दो बार की विजेता हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस का सामना डब्ल्यूपीएल में एकमात्र अन्य खिताब जीतने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा जिसकी कमान स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना संभाल रही हैं। चौथी डब्ल्यूपीएल का आयोजन दो चरणों में नवी मुंबई और वडोदरा में किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को जून-जुलाई में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को परखने का भी मौका मिलेगा।

**कागजों पर मुंबई मजबूत:** कागजों पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम काफी मजबूत नजर आती है। उसके पास भारतीय कप्तान हरमनप्रीत के अलावा इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर ब्रंट और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। मुंबई ने अपने अधिकतर खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और किसी भी टीम के लिए उसे हराना एक चुनौती होगी। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की मिली इलिंगवर्थ और भारत की भरोसेमंद अमनजोत कौर की मौजूदगी से उसकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत हो गई है। शबनिम इस्माइल मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगी, जिसमें साइका इशाक भी शामिल हैं।

**आरसीबी की टीम में स्टार खिलाड़ियों की भरमार:** आरसीबी की बात करें तो उसके पास मंधाना के अलावा एलिस पेरी जैसी मंझी हुई खिलाड़ी है। इन दोनों पर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाने का जिम्मा होगा। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल, ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस और दक्षिण अफ्रीका की जुझारू ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगी। आरसीबी के पास ऋचा घोष के रूप में अदद विकेटकीपर और फिनिशर है। भारत की अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्रकार और इंग्लैंड की लॉरेन बेल आरसीबी की प्रमुख तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। उसके पास इंग्लैंड की लिन्से स्मिथ, भारत की राधा यादव और श्रेयांका पाटिल जैसी अच्छी स्पिन गेंदबाज भी हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार है...

मुंबई इंडियंसः हीली मैथ्यूज, अमनजोत कौर, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, पूनम खेमनार, एमेलिया केर, नैत साइवर ब्रंट, निकोला कैरी, नाला रेड्डी, त्रिवेणी वशिष्ठ, जी कमालिनी (विकेटकीपर), राहिला फिरडोस (विकेटकीपर), मिली इलिंगवर्थ, साइका इशाक, शबनिम इस्माइल।

आरसीबीः दयालन हेमलता, स्मृति मंधाना (कप्तान), जॉर्जिया वोल, नादिन डी क्लर्क, ग्रेस हैरिस, गौतमी नाइक, श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत, पूजा वस्त्रकार, सायली सत्घरे, ऋचा घोष (विकेटकीपर), कुमार प्रत्यूशा (विकेटकीपर), लॉरेन वेल, अरुंधति रेड्डी, लिन्से स्मिथ, राधा यादव।

## इंग्लैंड ने विदाई मैच में ऑस्ट्रेलिया के ख्वाजा को दिया सम्मान, गॉर्ड ऑफ ऑनर देकर किया स्वागत

**सिडनी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के दौरान अपना विदाई मैच खेलने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को बड़ा सम्मान दिया। इंग्लैंड टीम के इस व्यवहार की काफी प्रशंसा हो रही है और सभी लोग उनकी सराहना कर रहे हैं। पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन जैसे ही ख्वाजा बल्लेबाजी के लिए उतरे, इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया और तालियां बजाकर ख्वाजा को सम्मान दिया।

### स्टोक्स से मिलाया हाथ

स्टीव स्मिथ के आउट होने के बाद ख्वाजा मैदान पर उतरे। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह उनकी आखिरी पारी रही। ख्वाजा भी खुद को मिले इस सम्मान से अभिभूत हुए और उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स से हाथ मिलाया। ख्वाजा ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि सिडनी टेस्ट उनके करियर का आखिरी मैच होगा। हालांकि, अपने विदाई टेस्ट मैच में ख्वाजा बड़ी पारी नहीं खेल सके और छह रन बनाकर आउट हुए। आउट होने के बाद जब ख्वाजा पवेलियन की ओर बढ़ रहे थे तो उन्होंने ग्राउंड को चूमा और दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया।

**आवश्यकता है**
मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर, हाउस कीपिंग, कम्प्यूटर आपरेटर, एकाउंटेंट, सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार की आवश्यकता है। होटल हेतु।
संपर्क 9893374872




**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**कृषि भूमि बेचना है**
उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क : 7746856444

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क 9993368146

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### जिला न्यायालय में मारपीट, कोर्ट की फीस को लेकर हुआ विवाद

**इंदौर।** इंदौर जिला न्यायालय परिसर में गुरुवार को एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने एक वकील सहित दो लोगों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में वकीलों की ओर से भी दीपक के खिलाफ शिकायत की गई है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पीड़ित दीपक पाटीदार निवासी पिगडंबर की शिकायत पर हिमांशु गोहर निवासी रणजीत हनुमान मंदिर के पीछे और विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि दोनों ने दीपक के साथ मारपीट की और उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। जांच में सामने आया है कि दीपक पाटीदार निजी नौकरी करता है और आरोपी हिमांशु गोहर उसका वकील है। गुरुवार को वकील हिमांशु ने दीपक को कॉल कर कैंसिल चेक लेने के बहाने जिला न्यायालय बुलाया था। कोर्ट परिसर में हिमांशु के साथ उसके कुछ साथी भी मौजूद थे। यहां कोर्ट फीस को लेकर विवाद हुआ, जिस पर दीपक ने आपत्ति जताई तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे धमकाया। इसी दौरान हिमांशु के एक अन्य साथी वकील ने दीपक का मोबाइल भी तोड़ दिया। दीपक पाटीदार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका एक पारिवारिक विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। करीब डेढ़ साल पहले उसने इस केस के लिए वकील हिमांशु गोहर को लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए दिए थे, जिसे वह अब वापस मांग रहा था। इसी बात को लेकर कोर्ट परिसर में विवाद हुआ। मारपीट के दौरान उसने कोर्ट से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और राहगीरों की मदद से अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

### मासूम का अंगूठा कटा, नर्स सस्पेंड कैंची से टेप काटते समय लापरवाही

**इंदौर।** इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के न्यू चेस्ट वार्ड में नर्सिंग लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। यहां एडमिट डेढ़ माह के मासूम का इंट्राकेथ बदलते समय नर्सिंग ऑफिसर ने तेज और लापरवाही से कैंची चला दी, जिससे बच्चे का अंगूठा कटकर अलग हो गया और जमीन पर गिर पड़ा। घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे की है। मामला सामने आने के बाद डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने नर्सिंग ऑफिसर आरती श्रोत्रिय को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही तीन नर्सिंग इंचार्ज का एक-एक माह का वेतन रोक दिया है। हादसे के बाद नर्सिंग ऑफिसर को चक्कर आ गए। मौके पर मौजूद ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ ने तत्काल ड्रेसिंग कर मामले को संभालने और दबाने की कोशिश की। बच्चे को तुरंत सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल भेजा गया, जहां सर्जरी कर उसका अंगूठा जोड़ा गया। परिजनों को भरोसा दिलाया गया कि घबराने की कोई बात नहीं है। बताया गया कि 24 दिसंबर को बेटमा के बजरंगपुरा गांव निवासी अंजुबाई के डेढ़ माह के बच्चे को निमोनिया के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था। मां ने बताया कि हाथ में सूजन होने पर नर्सिंग ऑफिसर को बुलाया गया था। इंट्रा कैथ के टेप को काटते समय कैंची बच्चे के अंगूठे पर चल गई। मामले की जांच के लिए डॉ. अशोक यादव (सुपरिटेंडेंट, एमवायएच) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी में डॉ. निर्भय मेहता (इंचार्ज, न्यू चेस्ट वार्ड), डॉ. रोहित बडेरिया (डिप्टी सुपरिटेंडेंट) और दयावती दयाल (नर्सिंग सुपरिटेंडेंट) को शामिल किया गया है। कमेटी ने नर्सिंग ऑफिसर के बयान दर्ज कर लिए हैं और जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

### 463 घरों में संक्रमण और अधिकतर रिपीट केस यहीं से आ रहे

**इंदौर।** भागीरथपुरा क्षेत्र में 36 घंटे में 5 हजार से ज्यादा घरों की जांच की गई है। 463 घरों में कम से कम एक संक्रमित मिला है। कुछ घरों में एक से अधिक संक्रमित मिले। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस दौरान 25 हजार 100 लोगों से बात की। सर्वे में साफ हुआ कि संक्रमण किसी एक गली या क्लस्टर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरा भागीरथपुरा प्रभावित रहा। सर्विलांस टीम का कहना है अब नए केस की संख्या में लगातार कमी देखी जा रही है। सभी केस की जिओ मैपिंग की गई, जिससे स्पष्ट हुआ कि केस पूरे क्षेत्र में फैले हुए हैं, न कि किसी एक जगह केंद्रित। नेशनल हेल्थ मिशन के स्टेट सर्विलांस ऑफिसर डॉ. अश्विन भागवत ने बताया कि कई मरीज इलाज के बाद ठीक हो चुके हैं, जबकि कुछ का इलाज जारी है। जिओ मैपिंग के जरिए मरीजों की पहचान की गई। हर घर में ओआरएस और जिंक टैबलेट की किट पहुंचाई गई और पॉइंट ऑफ यूज क्लोरिनेशन के लिए क्लोरिन की दवाएं भी दी गईं। सर्वे का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा, जिसे एपिडिमियोलॉजिकल फाइंडिंग कहा जाता है। इसमें रैपिड सर्वे और जिओ मैपिंग से मिले डाटा का गहराई से विश्लेषण किया जाएगा। देखा जाएगा कि बीमारी का मूल स्रोत क्या रहा, संक्रमण किन कारणों से फैला, किन परिस्थितियों में ज्यादा केस आए और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए किन ठोस उपायों की जरूरत है। इसी विश्लेषण के आधार पर आगे की स्वास्थ्य रणनीति तय की जाएगी। उधर, फील्ड रिपोर्ट में साफ हुआ कि अधिकतर रिपीट केस उन्हीं घरों से आ रहे हैं, जहां पहले संक्रमण हो चुका है। यानी बीमारी नए इलाकों में फैलने के बजाय पुराने मरीजों में ही लौट रही है।

### महिलाओं के लिए इंदौर देश का 22वां सबसे बेहतर शहर

**इंदौर।** महिला सुरक्षा और करियर के बेहतर अवसरों के मामले में देश के सर्वश्रेष्ठ 125 शहरों की सूची में इंदौर को 22वां स्थान मिला है। अवतार ग्रुप के टॉप सिटीज फॉर वीमेन इन इंडिया-2025 सर्वे में मध्य प्रदेश से 7 शहर शामिल हुए, जिनमें इंदौर सबसे आगे रहा। इंदौर की रैंकिंग में लगातार सुधार हुआ है। 2022 में 58वें, 2023 में 50वें, 2024 में 48वें और 2025 में 22वें स्थान पर पहुंचा है। मप्र से भोपाल 57वें, उज्जैन 59वें, जबलपुर 72वें, ग्वालियर 81वें, सागर 108वें और सतना 114वें स्थान पर रहे। सर्वे में रैंकिंग सोशल इन्क्लूजन और इंडस्ट्रियल इन्क्लूजन पैमानों पर तय की गई। सामाजिक भागीदारी में रहने योग्य माहौल, महिला सुरक्षा, रोजगार में भागीदारी और सशक्तीकरण को परखा गया, जबकि औद्योगिक भागीदारी में महिलाओं की हिस्सेदारी और सुविधाएं देखी गईं। औद्योगिक भागीदारी में इंदौर 14वें पर है, लेकिन सामाजिक भागीदारी में 50वें स्थान पर रहा, जिससे ओवरऑल रैंक प्रभावित हुई। दोनों स्कोर का औसत 21.66 अंक रहा। इंदौर उभरते शहरों की श्रेणी में शामिल है। सर्वे के अनुसार पुलिस और प्रशासन के महिला सुरक्षा अभियानों और कंपनियों के प्रयासों से शहर की रैंकिंग में बड़ा सुधार हुआ है।

### आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर एक और याचिका

**इंदौर1।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर कार्रवाई किए जाने के आदेश जारी किए गए थे। इस आदेश का पालन नहीं होने पर हाई कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर नगर निगम को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने 12 जनवरी को निगमायुक्त को हाजिर रहकर जवाब देने के आदेश दिए थे। अब एक और जनहित याचिका इस समस्या को लेकर दायर की गई है। गुरुवार को इस याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में राज्य सरकार और नगर निगम कमिश्नर को पक्षकार बनाया है। हाई कोर्ट में नगर निगम ने जवाब दे रखा है कि ढाई लाख से ज्यादा कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। इस पर कोर्ट ने फटकार लगाई थी कि ये आंकड़े एक बहुत बड़ा घोटाला है। असल में निगम ने कुछ नहीं किया है। गत बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों को लेकर सुनवाई हुई। मध्यप्रदेश सरकार इस मामले में क्या कदम उठाने जा रही है, इसकी रिपोर्ट बनाकर पेश की जाना थी, लेकिन शासन की ओर से शीर्ष अदालत में कोई जवाब ही नहीं दिया गया। न्यायमित्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने ही हलफनामा नहीं दिया है। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट जजेस ने मौखिक रूप से कहा था कि एमजी रोड, 56 दुकान, रेसकोर्स रोड सहित कई जगह आवारा कुत्ते नजर आ जाते हैं।

#### भागीरथपुरा में दूषित पानी का खौफ अभी भी बरकरार, सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हो चुके, 10 मरीज आईसीयू में

# नगर निगम करा रहा मुनादी- पानी उबालकर, छानकर पिएं, कलेक्टर पर बरसे जीतू पटवारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी का खौफ अभी भी बरकरार है। इस दूषित पानी के कारण 20 लोग दुनिया को छोड़कर चले गए। सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। गुरुवार को आईसीयू में 10 मरीज भर्ती हैं, जिनका इलाज चल रहा है। दूषित पानी को लेकर नगर निगम की गाड़ियां लगातार मुनादी कर रही है कि पानी को छानकर, उबालकर इस्तेमाल करें। वहीं कई लोगों की स्थिति को देखते हुए इलाके में राशन सामग्री बांटी गई।

29 दिसंबर को मामला सामने आने के बाद से भागीरथपुरा में डर का माहौल बना हुआ है। लोग बोरिंग, आरओ का पानी भी उबालकर और छानकर इस्तेमाल कर रहे हैं। इलाके में ड्रेनेज लाइन का काम चल रहा है। इसका असर यहां के व्यापार पर भी पड़ा है। अब तक अस्पतालों में कुल 446 मरीज भर्ती हो चुके हैं। 50 अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं सांवेर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर कलेक्टर के आरएसएस कार्यालय जाने को लेकर निशाना साधा।





#### सुबह से शुरू हुआ राशन बांटने का सिलसिला

गुरुवार को आकाश विजयवर्गीय ने महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज, विधायक रमेश मेंदोला की उपस्थिति में भागीरथपुरा में घर-घर राशन सामग्री बांटी और जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए जनजागरण अभियान शुरू किया। गाड़ियों में राशन रखकर लोगों के घरों तक इसकी किट पहुंचाई जा रही है। इसमें यह बात भी निकलकर सामने आई है कि जिन घरों में किराएदार रह रहे हैं, उन्हें भी राशन किट उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही जिस घर में दो परिवार यानी दो भाइयों के परिवार हैं, उन्हें भी अलग-अलग राशन किट दी जा रही है। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आकाश विजयवर्गीय कह रहे हैं कि अग्रवाल समाज के एक बड़े व्यापारी के सहयोग से टीम ने राशन की व्यवस्था की है। इस राशन किट में आटा, दाल-चावल, मसाले, तेल आदि सामान है।

#### 20 मौतों के बाद मलेरिया विभाग की टीम मैदान में

गुरुवार को मलेरिया विभाग की टीम ने भागीरथपुरा का दौरा किया। टीम ने देखा कि कहीं भी बहुत दिनों से पानी तो इकट्ठा नहीं है, उसमें मच्छर तो नहीं पनप रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं मिला। टीम ने रहवासियों को समझाइश दी कि वह पीने का पानी बहुत दिनों तक इकट्ठा करके नहीं रखें और उसे ढंक कर रखें। पानी में गंदगी ना हो, इसका ध्यान रखें। इधर, नगर निगम की गाड़ियों से लगातार इलाके में मुनादी कराई जा रही है।

#### बोरवेल की जियो ट्रैकिंग

वहीं दूसरी ओर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर एक विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत सरकारी बोरवेल की जिओ ट्रैकिंग एवं क्लोरिनेशन कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने को कहा गया है। 2250 से अधिक सरकारी बोरवेल की जिओ ट्रैकिंग भी पूरी की गई, जिससे भविष्य में जल स्रोतों की सटीक निगरानी एवं प्रबंधन संभव हो सकेगा। इस अभियान के दौरान जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 50 से अधिक अपशिष्ट क्लोरीन (रेजिडुअल क्लोरीन) के नमूनों के सैंपल लिए गए।

#### आप भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर कार्यालय कैसे जा सकते हैं

इंदौर कलेक्टर के आरएसएस कार्यालय जाने को लेकर सांवेर में जीतू पटवारी ने निशाना साधा है। पटवारी ने कहा कि कलेक्टर साहब! आपसे आग्रह है कि अगर आप राजनीतिक दलों के दफ्तरों में जाकर अपनी ड्यूटी करेंगे तो याद रखना कि कांग्रेस का कार्यकर्ता आपके काम करने की शैली को ठीक करना जानता है। आप भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर कार्यालय कैसे जा सकते हैं? पटवारी ने आगे कहा कि यदि प्रशासन को चर्चा करनी है तो उन्हें मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारियों या संबंधित मंत्रियों से मिलना चाहिए, न कि किसी राजनीतिक या वैचारिक संगठन के कार्यालय में जाकर हाजिरी देनी चाहिए

# युवती ने कॉलसेंटर कर्मचारी को चप्पल से पीटा

#### धर्म परिवर्तन का बना रहा था दबाव, बोलता था-बात मान लोगी तो भविष्य बन जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में गुरुवार को उस समय हंगामा हो गया, जब एक कॉल सेंटर में काम करने वाली युवती ने कथित तौर पर परेशान करने वाले युवक की सड़क पर चप्पलों से पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार 33 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वह पिछले पांच वर्षों से एक कॉल सेंटर में कार्यरत है। वहीं मोहम्मद अब्दुल सलाम उसी कॉल सेंटर में एमओ के पद पर काम करता था। युवती का आरोप है कि नवंबर 2025 से आरोपी उसे लगातार परेशान कर रहा था और दोस्ती बढ़ाने के लिए दबाव बना रहा था। आरोपी उसे यह कहकर बहलाने की कोशिश करता था कि उसकी बात मानने से उसका भविष्य बेहतर हो जाएगा।



#### युवक के कारण देना पड़ा इस्तीफा

पीड़िता ने बताया कि उसने कई बार आरोपी को समझाया, लेकिन वह नहीं माना। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने धर्म परिवर्तन का दबाव भी बनाया और कहा कि अगर वह उसकी बात माने तो सारी व्यवस्था कर देगा। इन हरकतों से परेशान होकर युवती ने दिसंबर 2025 में नौकरी से इस्तीफा दे दिया, हालांकि नोटिस पीरियड के चलते उसे दो महीने तक काम पर जाना पड़ा।

- **नौकरी छोड़ी तो पीछा करने लगा आरोपी-** पीड़िता का आरोप है कि जब आरोपी को उसके नौकरी छोड़ने की जानकारी मिली, तो उसने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। गुरुवार को आरोपी ने कथित तौर पर उसका हाथ पकड़ लिया, जिसके बाद युवती ने विरोध किया तो वह वहां से भाग गया।
- **युवती ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को व्यथा सुनाई-** इसके बाद युवती ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपी को ढूंढ निकाला, जहां गुस्से में युवती ने उसकी चप्पलों से पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को थाने ले गई।
- **मोबाइल में मिले कई युवतियों के नंबर और आपत्तिजनक चैट-** बजरंग दल के संयोजक जयंश मौर्य और देवा शर्मा ने दावा किया कि आरोपी के मोबाइल फोन से अन्य युवतियों के नंबर और कथित तौर पर आपत्तिजनक चैट भी मिली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### 650 किमी लाइनें जर्जर

## भागीरथपुरा ही नहीं, शहर के हर कोने की पेयजल पाइप-लाइन में लीकेज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर की पूरी पेयजल वितरण व्यवस्था ही खतरनाक मोड पर है। अमृत-2 के लिए की गई निगम की स्टडी में ही सामने आया है कि शहर के कई इलाकों में 50 साल से ज्यादा पुरानी लाइनें हैं। कुल 3500 किमी की पेयजल पाइप लाइन में से 650 किमी की लाइन जर्जर हो चुकी है।

लाइन लॉस का 40 फीसदी हिस्सा भी शहर के भीतर हो रहा है। यानी लाइनों में लीकेज व सीपेज भी है। हद ये है कि वितरण की व्यवस्था अकुशल लोगों के पास है। नर्मदा प्रोजेक्ट के साथ पीएचई का 10 फीसदी स्टाफ ही कुशल है। पूरी व्यवस्था के लिए 32 इंजीनियरों की जरूरत है, वर्तमान में मात्र 4 इंजीनियर बचे हैं।

टंकी व मैदानी स्तर पर तकनीकी स्टाफ भी 20 फीसदी ही बचा है। यह व्यवस्था भी मस्टर कर्मियों और एजेंसियों के हवाले है। अफसरों का कहना है, 15 से 17% लाइन लासेस होता है। इसमें 40% से ज्यादा नुकसान वितरण लाइनों से होता है। जाहिर है, लाइनों में लीकेज है। इन्हीं लीकेजेस से पानी को दूषित करने वाले तत्व मिलते हैं। इन क्षेत्रों में दिक्कत ज्यादा- जूनी इंदौर, जूना रिसाला, मिल क्षेत्र, जबरन कॉलोनी, आजाद नगर, मूसाखेड़ी, भागीरथपुरा, लाबरिया भेरू, चंदननगर, बाणगंगा क्षेत्र में कई जगह मिक्स सप्लाय है। आए दिन लाइन में लीकेज होते हैं। इसलिए दूषित पानी के लिए हॉट स्पॉट बनते जा रहे हैं।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com